नगर संस्करण

# गुड इवनिंग

सांध्य दैनिक

इंदौर-भोपाल-ग्वालियर से प्रकाशित

अलग अंदाज़, अलग नज़रिया | इंदौर, शनिवार, 07 जून 2025 | मूल्य एक रुपए | ■ पृष्ठ : 8 ■ वर्ष : 09 ■ अंक : 79

www.goodeveninglive.com | https://www.facebook.com/goodevening01 | www.goodeveningonline.com

पेज-7 मुसेट्टी को हराकर अल्काराज फ्रेंच ओपन के फाइनल में



## Short News

### ईद उल अजहा की नमाज बजरिया मस्जिद में अदा



**इंदौर।** आज मुस्लिम समाज ईदुल अजहा मना रहा है। ईद की मुख्य नमाज सदर बाजार ईदगाह पर सुबह 9.40 बजे शहर काजी डॉ. मोहम्मद इशरत अली ने अदा कराई। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। कुर्बानी का यह सिलसिला तीन दिन तक चलेगा। इससे पहले नमाज के लिए शहर काजी को उनके निवास से शाही बग्घी में बैठाकर ईदगाह लाया गया फिर ससम्मान घर भी छोड़ा गाया। यह जिम्मेदारी 50 सालों से सलवाड़िया परिवार निभाता आ रहा है। मुस्लिम समाज को मुबारकबाद देने के लिए राजनीतिक पार्टियों के कई नेता।

### कश्मीर के लिए पहली ट्रेन आज कटरा से शुरू हुई



**जम्मू।** कश्मीर को देश के बाकी हिस्से से जोड़ने वाली पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस में पहली बार सफर करने के लिए यात्री कटरा स्टेशन पहुंच रहे हैं। पीएम मोदी ने शुक्रवार को इसका उद्घाटन किया था। पीएम ने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज चिनाब पुल और देश के पहले केबल स्टे अंजी ब्रिज का भी इनॉगरेशन किया था। कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस की टिकट आईआरसीटीसी की वेबसाइट से बुक की जा सकती है। ट्रेन में दो ट्रैवल क्लास हैं। चेयरकार का किराया 715 रुपए और एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1320 रुपए है। हफ्ते में 6 दिन दो ट्रेनें कटरा और श्रीनगर के बीच चलेंगी। ये अभी ट्रेनें सिर्फ बनिहाल में रुकेंगी, अन्य स्टॉपेज पर फैसला बाद में होगा। 10 घंटे का सफर करीब 3 घंटे में पूरा होगा।

### सिंधु जल संधि : पाकिस्तान ने भारत को 4 लेटर भेजे




**इस्लामाबाद।** सिंधु जल संधि बहाल करने को लेकर पाकिस्तान ने अब तक भारत को चार लेटर भेजे हैं। सेना के सूत्रों के हवाले से लिखा कि इन चार लेटर में से एक ऑपरेशन सिंदूर के बाद भेजा गया है। ये चार पत्र पाकिस्तान के जल संसाधन मंत्रालय के सचिव सैयद अली मुर्तजा ने जल शक्ति मंत्रालय को भेजे थे। इसके बाद मंत्रालय ने उन्हें विदेश मंत्रालय को भेज दिया। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 1960 में पाकिस्तान के साथ हुई सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। इसके तहत सिंधु वाटर सिस्टम की 3 पूर्वी नदियों का पानी भारत इस्तेमाल कर सकता है और बाकी 3 पश्चिमी नदियों के पानी पर पाकिस्तान को अधिकार दिया गया था। अब जल संधि स्थगित होने से पाकिस्तान में जल संकट मंडराने लगा है।

निगम की अनदेखी : सफाईकर्मी देखकर भी अनदेखा कर जाते हैं

# जय भवानी नगर में कचरे के ढेर

## जहां मकान नहीं बने, वहां खाली प्लॉट बने कूड़ाघर

गुड इवनिंग, इंदौर

GE Special

**शहर स्वच्छता में भले ही कई बार नंबर वन आ चुका है, लेकिन सड़क किनारे और खाली प्लॉट पर कचरा फेंकने की आदत अब भी कई लोगों की बनी हुई है। ऐसी जगह फैली गंदगी को निगम के कर्मचारी भी देखकर अनदेखा कर देते हैं। ऐसे में उक्त कचरा आसपास के रहवासी और दुकानदारों के लिए परेशानी का कारण बन जाता है। ऐसा ही एक मामला जय भवानी नगर का है।**



शहर को स्मार्ट सिटी बनाने की कवायद चल रही है, जगह-जगह विकास कार्य हो रहे हैं। शहर सुंदर दिखे इसके लिए भी लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इसके बावजूद अब भी शहर की विभिन्न कॉलोनियों के खाली प्लॉट पर कचरा फैला हुआ देखा जा सकता है। ऐसा नहीं है कि उक्त कचरा निगम के कर्मचारियों को नजर नहीं आता है।

**कौन फेंक जाता है कचरा, पता नहीं :** इधर, निगम की कचरा गाड़ी वाले भी ऐसा कचरा उठाने की जहमत नहीं करते। जय भवानी नगर में सड़क किनारे और खाली प्लॉट पर कचरे के ढेर लगे हुए देखे जा सकते हैं। उक्त कचरा आसपास के रहवासियों के लिए परेशानी का कारण भी बना हुआ है, लेकिन रहवासी चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि कचरा कब कौन फेंक जाता है, यह पता ही नहीं चलता है।

**नहीं सुधर रहे इन क्षेत्रों के हालात :** जब चंदन नगर चौराहे से होते हुए धार रोड पर जाते हैं तब सिरपुर के आगे सड़क के दोनों ओर कचरे के अंबार नजर आते हैं। यहां नियमित साफ-सफाई नहीं होती है। कुछ इसी तरह के हाल राऊ से कैट चौराहे तक आने वाले मार्ग के भी हैं। वहां भी सड़क किनारे कचरे के ढेर पड़े नजर आते हैं। निगम के जिम्मेदार चाहें तो इसे दो-चार दिन में ही इसे साफ-सुथरा करवा सकते हैं।

### सुबह एक्टिवा में लगी आग, अफरातफरी मची



**इंदौर।** छोटी ग्वालटोली क्षेत्र में आज शनिवार सुबह एक एक्टिवा में अचानक आग लग गई। घटना से रोड पर अफरातफरी मच गई। दुकानदारों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। अनुमान लगाया जा रहा है कि वायरिंग में शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी।




## यूएस में एलन मस्क नई पार्टी बना सकते हैं

### ट्रम्प से विवाद बाद बदले समीकरण पोल में 80 प्रश लोगों का समर्थन

वॉशिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रपति ट्रम्प से विवाद के बाद मस्क ने 5 जून को सोशल मीडिया पर एक पोल शेयर किया था। इस पोल में मस्क ने अमेरिका में एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने को लेकर एक राय मांगी थी। इस पर 80.4 प्रश लोगों ने हां में जवाब दिया था।



इस पोल के खत्म होने के बाद मस्क ने रिपोस्ट करते हुए लिखा- 'द अमेरिकन पार्टी।' मस्क के इस संकेत के बाद माना जा रहा है कि वे अपनी पार्टी का नाम द अमेरिकन पार्टी रख सकते हैं। हालांकि, मस्क ने अभी तक इसे लेकर कोई औपचारिक घोषणा नहीं की है।

**रूसी प्रवक्ता बोले- यह अमेरिका का आंतरिक मामला :** उधर, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने इस विवाद पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, यह अमेरिका का आंतरिक मामला है, और हम इसमें हस्तक्षेप नहीं करेंगे। हमें भरोसा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति इस स्थिति को खुद संभाल लेंगे। यह बयान तब आया जब ट्रम्प के पूर्व सलाहकार स्टीव बैनन ने मस्क को गैरकानूनी प्रवासी बताकर देश से निकालने की मांग की थी। बैनन ने यह भी कहा कि अमेरिकी सरकार को मस्क की कंपनी स्पेसएक्स पर कब्जा कर लेना चाहिए। गुरुवार रात को मस्क और ट्रम्प के बीच तीखी बहस हुई थी। बहस इतनी बढ़ी कि मस्क ने ट्रम्प को पद से हटाने की बात कह दी।

सुविधा : फोनपे ने यूपीआई को यूजर्स तक पहुंचाने के लिए जीएसपे को खरीदा

## अब बिना इंटरनेट के भी कर सकेंगे पेमेंट

नई दिल्ली, एजेंसी

अब स्मार्टफोन न होने का मतलब यह नहीं कि आप डिजिटल इंडिया से दूर हैं। अगर आपके पास सिर्फ फीचर फोन है तो भी आप अब यूपीआई पेमेंट कर सकते हैं। वो भी बिना इंटरनेट के फोनपे ने एक बड़ा कदम उठाते हुए यूपीआई को फीचर फोन यूजर्स तक पहुंचाने के लिए गुपशुप के जीएसपे को खरीद लिया है। इस पहल से देश के करोड़ों ऐसे यूजर्स जो अभी भी सामान्य की-पैड वाले मोबाइल फोन इस्तेमाल करते हैं, वे भी अब क्यूआर कोड स्कैन करके या नंबर डालकर आसानी से पैसे भेज और पा सकेंगे।

**जीएसपे क्या है और कैसे काम करता है? :** जीएसपे एक खास मोबाइल टेक्नोलॉजी है, जिसे गुपशुप ने 2023 में लॉन्च किया था। यह एनपीसीआई के प्लेटफॉर्म पर आधारित है। इसकी खासियत यह है कि यह मैसेज के जरिए यूपीआई ट्रांजैक्शन करने की सुविधा देता है, यानी इंटरनेट की जरूरत नहीं।

फोनपे ने जीएसपे को खरीदकर अब इस टेक्नोलॉजी को अपने प्लेटफॉर्म में जोड़ दिया है और आने वाले 3 महीनों में फीचर फोन के लिए खुद का एक यूपीआई एप भी लॉन्च करने जा रहा है।




**फीचर फोन यूजर्स कैसे करें इस्तेमाल?**

- अगर आपके पास फीचर फोन है, तो बस इतना करें।
- डायल करें 99#
- बैंक का नाम चुनें
- डेबिट कार्ड के आखिरी 6 डिजिट डालें

**एक यूपीआई पिन सेट करें**

- बस, आपकी यूपीआई आईडी तैयार।

इसके बाद आप आसानी से पैसा भेज सकते हैं, मर्चेंट को पेमेंट कर सकते हैं और बैलेंस भी चेक कर सकते हैं, वो भी बिना इंटरनेट के।

**क्यों है यह बड़ा कदम? :** भारत में करोड़ों लोग अब भी फीचर फोन का ही इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में ये सर्विस डिजिटल भुगतान को गांवों और कस्बों तक पहुंचाने में क्रांतिकारी साबित हो सकती है।



अंबिकापुरी स्थित खाटू श्याम धाम पर चल रहे 28वें वार्षिकोत्सव में भगवान खुद पहुंचे 56 करोड़ का मायरा लेकर

# भगवान को भक्त के दुःख और आंसू कतई मंजूर नहीं: मुस्कान शर्मा

गुड इवनिंग, इंदौर

*नानीबाई के मायरे की कथा केवल पौराणिक कथा नहीं, समाज के लिए बेटियों के सम्मान का एक प्रेरक संदेश भी देती है। भगवान ने नानीबाई की प्रतिष्ठा बचाने के माध्यम से बेटियों के निर्मल एवं निश्छल मन की महत्ता भी बताई है। भगवान केवल मंदिर में मूर्ति बनकर दर्शन देने के लिए ही नहीं बैठे हैं, वे हर पल हमारे साथ हैं। हमारी करूणा और सच्ची पुकार उन तक उसी तरह पहुंचती है, जैसे नरसी मेहता और नानी बाई की पहुंची। भक्त की प्रतिष्ठा के लिए भगवान बेलगाड़ी भी चला सकते हैं और बिगड़ी हुई गाड़ी को भी खुद सुधार सकते हैं। भक्तों पर किसी तरह की आंच नहीं आने देना ही भगवान का पहला धर्म है। भगवान को अपने भक्त के दुख और आंसू कतई मंजूर नहीं हो सकते।*

यह दिव्य विचार हैं श्यामप्रिया सुश्री मुस्कान शर्मा के, जो उन्होंने शुक्रवार को एयरपोर्ट रोड, अंबिकापुरी स्थित श्री खाटू श्याम धाम के 28वें वार्षिकोत्सव में चल रही नानी बाई के मायरे की कथा के दौरान व्यक्त किए। कथा में भगवान द्वारा 56 करोड़ का मायरा लेकर पहुंचने का प्रसंग सुनाया गया, जिसे सैकड़ों भक्तों ने भाव विभोर होकर सुना। मायरे का जीवंत उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। कथा शुभारंभ के पूर्व किन्नर महामंडलेश्वर संतोषी मां, महामंडलेश्वर राघवेन्द्रदास महाराज के सानिध्य में





समाजसेवी विनोद मित्तल, मनीष गुप्ता, विजय शर्मा, बंटी शुक्ला, राजू सीतलानी एवं जगदीश शर्मा ने सपत्नीक व्यासपीठ का पूजन किया। महिला समिति की ओर से श्वेता शर्मा, अर्चना शर्मा, गंगा जैन, प्रिया सांखला, पिंकी शालिनी जैन, सुमित्रा दायमा, डॉ. प्रियंका परमार एवं सोनू सोलंकी ने सभी संत-विद्वानों की अगवानी की।

उधर खाटू श्याम महायज्ञ में सुबह विद्वान पंडितों के सानिध्य में विश्व शांति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए ओम श्री श्याम देवाय नमः बीज मंत्र से भैंसा गूगल एवं 56 भोग की आहुतियां समर्पित की गई। महायज्ञ में समिति की ओर से धीरेन्द्र जायसवाल, मलखानसिंह ठाकुर, मनीष जैन, अशोक सोलंकी, सुनील शुक्ला, कैलाश भाटी, विनोद विश्वकर्मा, महेश वर्मा, श्याम सुंदर सोनी एवं अनिल सोनी सहित सैकड़ों भक्तों ने आहुतियां समर्पित कर आरती में भी भाग लिया। यज्ञ देवता के जयघोष से खाटू श्याम धाम गूंजायमान बना रहा। महायज्ञ में 21 हजार आहुतियां संपन्न होते ही खाटू श्याम के जयघोष से मंदिर गूंज उठा।

मायरे की कथा में समापन प्रसंग पर सुश्री मुस्कान शर्मा ने कहा कि नरसी मेहता को भगवान शिव एवं कृष्ण दोनों की भक्ति और कृपा प्राप्त हो गई थी। भक्ति का रंग तभी जमता है, जब भक्त स्वयं को भूलकर अपने आराध्य में खो जाए। नरसी मेहता अपने पिता की श्राद्ध की तिथि भी भूल गए थे, लेकिन भगवान ने याद रखी और खुद बरसी करने पहुंच गए। कई बार भगवान भी अपने भक्तों की परीक्षा लेते हैं और जब भक्ति डांवाडोल होने लगती है, तब उसे दृढ़ता प्रदान करने का काम भी भगवान ही करते हैं। नानी बाई की कथा में पिता और पुत्री के बीच करूणा और स्नेह का अदभुत समन्वय है। यह कथा आज के संदर्भों में भी समाज को बेटियों के सम्मान के लिए प्ररित करती है।

महंत नीलू बाबा ने बताया कि आज 12 बजे खाटू श्याम महायज्ञ की पूणार्हुति के बाद तीन बजे बाबा की पवित्र ज्योत के दर्शन, दोपहर 4 बजे महिला मंडल द्वारा भजन संकीर्तन, महाआरती एवं सांय 7.30 बजे पुनः बाबा की पवित्र ज्योत के दर्शन के बाद चलित भंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा।

# कांटाफोड़ शिव मंदिर को अमरनाथ यात्रा मार्ग पर लंगर चलाने की अनुमति

गुड इवनिंग, इंदौर

नवलखा चौराहा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर अब प्रदेश का पहला ऐसा धर्म स्थल बन गया है, जिसको अमरनाथ यात्रा मार्ग पर श्राईन बोर्ड द्वारा अपना स्वयं की लंगर सेवा चलाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। इसके पूर्व मंदिर ट्रस्ट द्वारा स्थानीय भक्तों से जुटाया गया राशन एवं अन्य खाद्यान्न सामग्री बालटाल स्थित पंजाब (लुधियाना) अमरनाथ बफार्नी सेवा दल द्वारा संचालित लंगर पर भेजी जाती थी। श्राईन बोर्ड की अनुमति मिलने से अब कांटाफोड़ मंदिर ट्रस्ट द्वारा इसी वर्ष से बालटाल में यात्रा मार्ग पर इंदौर के रसोईयों एवं सहयोगी कार्यकताओं को भेजकर करीब सवा माह तक लंगर का संचालन किया जाएगा, जहां मालवा के स्वादिष्ट व्यंजन और इंदौर के पोहे-जलेबी तथा उसल पोहे जैसे व्यंजन भी मिल सकेंगे।

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, संयोजक बी.के. गोयल ने बताया कि लंबी प्रक्रिया के बाद श्राईन बोर्ड ने मन कामेश्वर कांटाफोड़ मंदिर ट्रस्ट को अपना स्वयं का लंगर संचालित करने की अनुमति प्रदान कर दी है। श्राईन बोर्ड के इस निर्णय से मंदिर से जुड़े भक्तों ने बेहद प्रसन्नता व्याप्त है और वे पूरे उत्साह के साथ इस तैयारी में जुटे हैं कि इस बार अमरनाथ यात्रा मार्ग पर बालटाल में जो लंगर सेवा स्थापित होगी, उसमें इंदौर एवं मालवांचल सहित देश-विदेश से आने वाले भक्तों को इंदौरी जायका परोसा जाए। कोशिश यह भी की जा रही है कि लंगर सेवा में दाल-बाटी, पोहे-जलेबी, उसल-पोहे, कचोरी-समोसा, चूरमा एवं अन्य खाद्य सामग्री और व्यंजन भरपूर मात्रा में परोसे जाएं। इसके लिए मंदिर से जुड़े भक्त जल्द ही खाद्यान्न संग्रह के अभियान शुरू करने वाले हैं। यही नहीं मंदिर से जुड़े 70 भक्त 8 जुलाई को रेल मार्ग से अमरनाथ यात्रा के लिए प्रस्थित होंगे और बालटाल लंगर में अपनी सेवाएं भी प्रदान करेंगे। विजय काला और वरुण मंगल ने बताया कि सभी भक्तों का रेल आरक्षण भी हो चुका है। फिलहाल श्राईन बोर्ड की अनुमति मिलने के बाद मंदिर संचालन समिति ने लंगर की व्यवस्थाओं के लिए 21 सदस्यों की समिति की गठन किया है, जो इस माह के अंतिम सप्ताह में रवाना होकर 3 जुलाई से 9 अगस्त तक करीब सवा महीने तक वहां लंगर का संचालन करेगी।

## नशे के खिलाफ बजरंग दल का सख्त रुख



**इंदौर।** हाल ही में वायरल एक वीडियो में 5-6 युवाओं को नशा करते देखा गया, जिन्होंने खुद को बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी का सदस्य बताया। इस पर बजरंग दल ने साफ किया कि ये लोग संगठन से जुड़े नहीं हैं और उनकी गतिविधियां अमर्यादित हैं। जिला मंत्री सागर सोनी और सहमंत्री ईश्वर प्रजापत ने पुलिस से इन पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने नशामुक्त समाज के लिए अपने संकल्प को दोहराते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं की सूचना तुरंत देने का आग्रह किया है।

# तीन दिनों में 14 स्थानों पर रक्तदान शिविर, पांच हजार पौधे रोपेंगे

गुड इवनिंग, इंदौर

पिछले कई वर्षों से अपने जन्मदिन पर मानवता की सेवा एवं शहर के हित में अनेक सेवा प्रकल्पों में भागीदार बन रहे वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति विनोद अग्रवाल ने इस वर्ष भी अपने फाउंडेशन के माध्यम से कुछ अनूठे संकल्प साकार करने का निश्चय किया है। उनकी मान्यता है कि प्रत्येक व्यक्ति को समाज की तरक्की के लिए अपने तन, मन एवं धन से सेवा में सहयोग करना चाहिए। जरूरी नहीं है कि धन से ही सेवा करें, तन और मन से भी श्रेष्ठ सेवा संभव है। रक्तदान और पौधरोपण की सेवा इसी श्रेणी में आती है, इसीलिए उन्होंने अपने जन्मदिन पर शहर में पहली बार 3 दिनों में 14 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित करने और शहर में विभिन्न स्थानों पर 5 हजार पौधे रोपने का संकल्प व्यक्त किया है। उनके इस संकल्प को बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं मानवता की पहचान संस्था की ओर से मूर्त रूप दिया जाएगा। इस श्रृंखला में 8 जून से रक्तदान शिविर प्रारंभ हो जाएंगे।

फाउंडेशन के ट्रस्टी तपन अग्रवाल एवं वंशिका अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विनोदजी अग्रवाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 8 जून से 10 जून तक तीन दिनों में रक्तदान के 14 शिविरों का आयोजन शहर के अलग झ्र अलग स्थानों पर किया जा रहा है और साथ ही 5 हजार पौधों का रोपण भी इसी दौरान विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा। रक्त शिविरों के माध्यम से संग्रहित रक्त थैलेसेमिया, सिकलसेल, सर्जरी, एक्सीडेंट एवं आपातकालीन स्थिति में मरीजों तथा गर्भवती महिलाओं का जीवन बचाने में काम आएगा। यह रक्त एमवाय अस्पताल, अरविंदो हास्पिटल के साथ ही रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित चमेली देवी ब्लडबैंक को दिया जाएगा। इंदौर में प्रतिदिन करीब 500 यूनिट रक्त की जरूरत विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त लोगों एवं दुर्घटना के शिकार लोगों में होती है। इन शिविरों से करीब 2 हजार यूनिट रक्त एकत्र होगा। एक यूनिट रक्त में 3 लोगों को जीवन दान मिल सकता है। इस लहाज से इन शिविरों से एकत्र रक्त से 6 हजार लोगों को जीवन दान मिलेगा, जो अपने आप में एक कीर्तिमान होगा। इस कीर्तिमान में को इंडिया बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड द्वारा दर्ज किया जाएगा। शहर में रक्तदान शिविरों की इतनी बड़ी श्रृंखला किसी सामाजिक संगठन द्वारा पहली बार आयोजित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि रविवार, 8 जून को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्कीम 78 विजय नगर स्थित अटल खेल परिसर में पहला शिविर आयोजित होगा। इसी दिन एक ही समय पर बंगाली चौराहा स्थित गोयल नगर ईश कृपा गार्डन, एमआर-10 वीणा नगर स्थित मां सावित्री गार्डन, छोटा बांगड़दा स्थित बाबाश्री रिसोर्ट, रणजीत हनुमान मंदिर, खजराना गणेश मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, छावनी स्थित चमेलीदेवी रेडक्रास ब्लड बैंक, वायएन रोड स्थित राणी सती मंदिर पर शिविर लगेगा।

## श्री कालका धाम में अब थाली में मिलेगा अन्नक्षेत्र का भोजन

**इंदौर।** श्री कालका धाम परिवार एवं समस्त भक्तों एवं दानदाताओं के सहयोग से एवं परम पूज्य गुरुदेव आदरणीय योगी पीर रामनाथ महाराज के पावन सानिध्य में पिछले ढाई वर्षों से प्रतिदिन संचालित होने वाले अन्नक्षेत्र ने एक नया मुकाम हासिल कर लिया है। अब से भक्तों को परंपरागत पत्तल के स्थान पर थाली में भोजन परोसा जाएगा। इस शुभ कार्य का शुभारंभ दिनांक 7 जून, शनिवार, शाम 7 बजे विजयनगर चौराहा स्थित श्री ग्वाल भैरव कालका माता मंदिर में किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन आदरणीय नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा किया जाएगा। कालका धाम मंदिर के मुख्य पुजारी राहुल यादव ने बताया कि अन्नपूर्णे सदापूर्णे शंकरप्राणवल्लभे। ज्ञानवैराग्यसिद्ध्यर्थं भिक्षां देहि च पार्वति। इस मंत्र के साथ आरंभ हुआ अन्नक्षेत्र, जरूरतमंदों को निःस्वार्थ भाव से भोजन प्रदान कर रहा है।मंदिर परिवार ने इस अवसर पर सभी भक्तों और दानदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# निःशुल्क घुटना प्रत्यारोपण शिविर 8 जून को, हुए 261 रजिस्ट्रेशन

## गिनीज बुक में दर्ज कराने की प्रक्रिया जारी

गुड इवनिंग, इंदौर



शहर में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने जा रहा है। स्वर्णिम फाउंडेशन, आरोग्य भारती मालवा प्रांत, श्री साईंबाबा मंदिर संस्थान छत्रीबाग तथा नीमा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क घुटना प्रत्यारोपण शिविर के अंतर्गत 261 मरीजों का पंजीयन पूर्ण हो चुका है।

अब इन मरीजों की सर्जरी 8 जून 2025 से क्रमशः प्रारंभ की जाएगी।

स्वर्णिम फाउंडेशन के संस्थापक श्री वीरेंद्र कुमार जैन एवं आरोग्य भारती मालवा के डॉ. प्रमोद पी नीमा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का उद्घाटन नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर रिंकेश कुमार वैश्य एवं गौशालाओं के विकास हेतु समर्पित स्वामी अच्युतानंद महाराज के करकमलों से होगा। शिविर स्थल पर सभी चयनित मरीजों की मेडिकल जांच की प्रक्रिया प्रातः 8 बजे से शुरू होगी। यह जानकारी सांईबाबा संस्थान के श्री सुनील कुमार जैन एवं श्री विवेक जैन ने दी।

**विश्व कीर्तिमान की ओर एक कदम**-261 मरीजों की इस विशाल संख्या एवं व्यापक आयोजन को लेकर आयोजकों ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने हेतु प्रस्ताव भेजा है। यदि यह रिकॉर्ड दर्ज होता है तो इंदौर चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में विश्व मानचित्र पर विशेष स्थान बनाएगा।

**सामाजिक सेवा की मिसाल**-यह शिविर उन असहाय एवं आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए एक वरदान सिद्ध होगा, जो महंगे उपचार के चलते ऑपरेशन नहीं करा पाते। आयोजकों का मानना है कि यह प्रयास न केवल शारीरिक राहत देगा, बल्कि समाज में नई प्रेरणा का संचार करेगा।

# पर्यवेक्षक के सामने गुटबाजी पड़ी भारी

गुड इवनिंग, इंदौर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा इंदौर शहर के लिए नियुक्त किए गए पर्यवेक्षक के सामने कांग्रेस की गुटबाजी भारी रही। पर्यवेक्षक से मिलने गए कांग्रेस कार्यकताओं ने अपने नेता को ही अध्यक्ष पद के लिए सबसे योग्य और प्रभावी बताया। पंजाब के सांसद गुरजीतसिंह ओजाल ने कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1, 3, 4 और 5 के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। जो भी कार्यकर्ता मिलने के लिए गए थे। उन कार्यकर्ताओं से पर्यवेक्षक ने वन-टू-वन चर्चा की। कुछ कार्यकर्ताओं ने समूह के रूप में मिलने की इच्छा जताई तो उनसे समूह के रूप में मुलाकात की। दिनभर चली मुलाकात के दौरान जिस विधानसभा क्षेत्र से जो भी मिलने गया उसने अपने नेता का नाम अध्यक्ष पद के लिए आगे कर दिया। हर कोई यह चाहता है कि अब शहर अध्यक्ष का पद उसके विधानसभा क्षेत्र के नेता के हाथ में आना चाहिए।

## कौन-कौन है दावेदार

इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए राय जानने का सिलसिला शुरू होने के साथ ही दावेदारों के नाम भी सामने आने लगे हैं। अध्यक्ष पद के लिए अन्य प्रमुख दावेदारों की भी मौजूदगी रही, जिनमें 3 नंबर विधानसभा से अश्विन जोशी और पिंटू जोशी ने अपनी दावेदारी पेश की। वहीं 1 नंबर से दीपू यादव और 4 नंबर से वर्तमान अध्यक्ष सुरजीतसिंह चड्ढा भी फिर से मैदान में हैं। राजू भदौरिया, अमन बजाज, दीपू यादव के नाम सामने आए हैं। इसके साथ ही वर्तमान शहर अध्यक्ष सुरजीतसिंह चड्ढा एक और कार्यकाल प्राप्त करना चाहते हैं, वहीं कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्रसिंह यादव ने भी अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत करते हुए कहा कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने के लिए हमेशा समर्पित रहे हैं और आगे भी रहेंगे।

सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष

# भाजपा कार्यालय पर जिला कार्यशाला आयोजित

गुड इवनिंग, इंदौर





देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प के साथ अमृत काल चल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। उनके 11 वर्षों के स्वर्णिम कार्यकाल की एतिहासिक उपलब्धियों एवं विकास कार्यो को जन जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा अनेक 10 जून से 25 जुन तक विभिन्न कार्यक्रम करेगी। इस हेतु आज भाजपा कार्यालय पर जिला कार्यशाला राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, संभाग सह प्रभारी व नागदा विधायक तेजबहादुर सिंह, जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री रवि रावलिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल सिंह चौधरी, कंचन सिंह चौहान, सुभाष चौधरी, अशोक यादव, उमानारायण पटेल, ओम परसावदिया, रीता उपमन्यु की उपस्थिति में संपन्न हुई।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद ना सिर्फ लोगों के जीवन में परिवर्तन आया बल्कि देश आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है, इसके पीछे मोदी जी का सशक्त नेतृत्व है। मोदी जी के कार्यकाल की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाना है।

विधायक उषा ठाकुर ने कहा किप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक पहचान सशक्त देश के रूप में स्थापित हुई है। जनकल्याण की इबारत के साथ साथ सांस्कृतिक विरासतों को सहेजने और विकास के नये-नये आयामों पर काम हो रहा है। उन कामों को कार्यकर्ताओं घर-घर पहुंचाए।

नागदा विधायक तेजबहादुर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रधानमंत्री बनाने के बाद देश में युगांतकारी परिवर्तन हुआ है। प्रधानमंत्री बनाने से पूर्व और हमारे पूर्वजों के जो संकल्प थे, उन संकल्पों को पूरा कर सिद्धि तक पहुंचाने का कार्य किया है, हमें उनकी उपलब्धियों को पंचायत की चौपाल के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना है।

जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने कहा, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मप्र में डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रत्येक वर्ग, प्रत्येक क्षेत्र का विकास और कल्याण हो रहा है। राम मंदिर के निर्माण से लेकर चांद तक पहुंचने का काम हमने किया है। 10 जून से 25 जून तक प्रोफेशनल मीट, प्रदर्शनी, मंडलों में विकसित भारत संकल्प सभाएं, पंचायत चौपाल, डिजिटल प्रतियोगिता, आयुष्मान भारत योजना, योग दिवस, डॉ श्यामा प्रसाद बलिदान दिवस और आपातकाल जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से हमें उन उपलब्धियों को जनता तक लेकर जाना है।

इस अवसर पर अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश गिरजे, मोहन कछावा, जिला पंचायत अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय, जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप गहलोत, घनश्याम नारोलिया, अंतर दयाल, रामविलास पटेल, दिलीप चौधरी, भारत आंजना, इंदौर जनपद अध्यक्ष विश्वजीत सिंह सिसोदिया, सुभाष पाटीदार, सुनयना बियानी, अश्विन पटेल, वरुण पाल, मुकेश जरिया, मनोज सिंह ठाकुर, किरण सूर्यवंशी, जय कोहली, मुकेश पटेल, संगीता भार्गव, नीलेश उपाध्याय, मोहन यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# इंदौर-दाहोद रेल लाइन के लिए टनल में पटरी बिछाने का काम इसी माह से



गुड इवनिंग, इंदौर

इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन प्रोजेक्ट में पिछले तीन वर्षों से युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। 204 किमी लंबे इस प्रोजेक्ट को अलग-अलग सेक्शन में पूरा किया जा रहा है। इंदौर-टीही सेक्शन पर रेल कनेक्टिविटी होने के बाद अब टीही से धार सेक्शन का काम चल रहा है। इस सेक्शन में 270 करोड़ की लागत से बन रही 2.9 किमी लंबी टनल की फिनिशिंग का काम जारी है। टीही-धार सेक्शन में 46 किमी के हिस्से में रेल लाइन बिछाने, अर्थवर्क, स्टेशन भवन, आरओबी, अंडरपास आदि काम तेजी से किए जा रहे हैं।

## टनल की फाइनल फिनिशिंग जारी

रेलवे ने टनल का काम सितंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है, ताकि दिसंबर तक इंदौर-धार के बीच ट्रेन संचालन शुरू हो सके। टनल बनने के बाद अब फाइनल फिनिशिंग की जा रही है। अब तक 800 मीटर में लाइनिंग का काम पूरा किया जा चुका है। एक माह से एक साथ पांच मशीनें काम कर रही हैं। पानी का रिसाव रोकने के लिए जेंट्री के माध्यम से वाटरप्रूफ जियो टेक्सटाइल और मेमरीन लगाई जा रही है। इसके बाद भी पानी का रिसाव होने की स्थिति में ड्रेन लाइन भी बनाई गई है। रेलवे अफसरों के अनुसार इसी माह सुरंग के आधे हिस्से में ट्रैक बिछाने काम भी शुरू कर दिया जाएगा।

- 2007-08 में रेलवे ने आठ हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की थी।
- इसके बदले करीब चार करोड़ रुपये का मुआवजा दिया।
- तीन किमी के दायरे में 15 मीटर चौड़ाई की जमीन का किया उपयोग।
- सुरंग से दो लाख 34 हजार क्यूबिक मीटर मलबा निकाला गया।
- अब तक 800 मीटर हिस्से में टनल पूरी तरह तैयार हो चुकी है।

### इसलिए जरूरी प्रोजेक्ट

पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ विनीत अभिषेक ने बताया कि इंदौर-दाहोद रेल प्रोजेक्ट काफी अहम है। यहां ट्रेन संचालन होने से इंदौर-मुंबई के बीच रेल मार्ग की दूरी कम हो जाएगी। आजादी के बाद अब धार, आलीराजपुर, झाबुआ सहित मप्र और गुजरात के जो क्षेत्र अब तक ट्रेन से अछूते थे, उन्हें ट्रेन सुविधा मिल जाएगी। इसके साथ ही पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र का गुड्स सीधे मुंबई, साउथ व अन्य पोर्ट पर सीधे चला जाएगा। सागौर रेलवे स्टेशन से ही मल्टी लाजिस्टिक पार्क के लिए रेल लाइन की कनेक्टिविटी रहेगी। स्टेशन से पार्क करीब तीन किमी दूर बन रहा है।

# जिला अस्पतालों में होगा कॉर्निया ट्रांसप्लांट, एक जुलाई से शुरू होगी ट्रेनिंग

गुड इवनिंग, इंदौर

नेत्रदान को बढ़ावा देने और ज्यादा लोगों तक इलाज पहुंचाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने एक नई पहल की है। अब प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में कार्निया (आंख का पारदर्शी हिस्सा) प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू की जाएगी। इसके लिए राज्य अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (रडळ्ळड) ने प्रस्ताव बनाकर भोपाल भेजा था, जिसे मंजूरी मिल गई है।

इस योजना के पहले चरण में इंदौर और उज्जैन संभाग के 15 जिलों के अस्पतालों में प्रत्यारोपण केंद्र शुरू होंगे। इन जिलों में डॉक्टरों और तकनीकी स्टाफ को ट्रेनिंग दी जाएगी ताकि वे अपने-अपने जिलों में यह सुविधा शुरू कर सकें।

ट्रेनिंग का काम 1 जुलाई से इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज में शुरू होगा। डॉक्टरों को एक महीने और तकनीशियनों को 15 दिन की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह ट्रेनिंग मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग की विशेषज्ञ टीम देगी। इस विभाग में हर साल करीब 100 कार्निया प्रत्यारोपण पहले से ही किए जाते हैं और यहां नेत्र बैंक भी है। राज्य के अधिकांश जिला अस्पतालों में पहले से ही ऑपरेशन



थिएटर, माइक्रोस्कोप और जरूरी उपकरण मौजूद हैं क्योंकि वहां मोतियाबिंद जैसी सर्जरी होती है। इसलिए कार्निया ट्रांसप्लांट जैसी प्रक्रिया को भी वहां आसानी से शुरू किया जा सकता है। एमवाय अस्पताल के नेत्र रोग विभाग की एचओडी डॉ. प्रीति रावत के अनुसार, इस पहल से उन मरीजों को राहत मिलेगी जो पैसों की कमी या दूरी के कारण बड़े शहरों में इलाज नहीं करवा पाते। अब उन्हें अपने जिले में ही आंखों के प्रत्यारोपण की सुविधा मिल सकेगी। इसके साथ ही नेत्रदान को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे ज्यादा मरीजों को रोशनी मिल पाएगी। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया कि यह योजना स्वास्थ्य विभाग और शासन के सहयोग से लागू की जाएगी। ट्रेनिंग खत्म होने के तीन महीने बाद हर जिले में प्रत्यारोपण केंद्र चालू हो जाएंगे।

# भारतीय भाषाओं के उपयोग से शिक्षा को सुलभ बनाने पर विचार-विमर्श

गुड इवनिंग, इंदौर

शुक्रवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संसद की परामर्शदात्री समिति की बैठक में भाग लिया। इस बैठक में विद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों में भारतीय भाषाओं के माध्यम से शिक्षा को बढ़ावा देने पर गंभीर चर्चा की गई। यह जानकारी अधिकारियों द्वारा दी गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय भाषाओं की भागीदारी बढ़ाने की संभावनाओं का मूल्यांकन करना था। अधिकारियों ने बताया कि धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में संसद की परामर्शदात्री समिति की यह दूसरी बैठक थी, जो शिक्षा मंत्रालय से संबद्ध है। बैठक में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार भी मौजूद रहे। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी ने जानकारी दी कि इस बैठक में विशेष रूप से भारतीय भाषाओं के उपयोग से शिक्षा को सुलभ और समावेशी बनाने पर विचार किया गया।

**स्थानीय भाषाओं में पेशेवर शिक्षा को मिल रहा बढ़ावा-** सचिव जोशी ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश समेत एक-दो अन्य राज्यों में मेडिकल की पढ़ाई अब हिन्दी में भी करवाई जा रही है। इसके अलावा, बार कौंसिल ऑफ इंडिया ने भी कानूनी पाठ्यक्रमों की पढ़ाई हिन्दी में शुरू की है। उन्होंने आगे बताया कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने देश के लगभग 40 उच्च शिक्षा संस्थानों को स्थानीय भाषाओं में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराने की अनुमति दी है, जिससे छात्रों को मातृभाषा में तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है।

### एआई जैसी तकनीक से बहुभाषीय कक्षाओं की संभावना पर विचार

बैठक के दौरान यह सुझाव भी सामने आया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी आधुनिक तकनीकों की सहायता से ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्म या कक्षाएं विकसित की जाएं, जहां विभिन्न भाषाएं बोलने वाले छात्र एक साथ पढ़ सकें। इसका उद्देश्य यह है कि भाषा की विविधता छात्रों के बीच अवरोध न बने, बल्कि तकनीक की मदद से इसे शिक्षा का साधन बनाया जा सके।

# कलेक्टर ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, दिए कई निर्देश

गुड इवनिंग, इंदौर

जिले में मातृ शिशु मृत्यु की लगातार निगरानी और समीक्षा हो रही है। कलेक्टर ने निर्देश दिए है कि जिले में किसी भी शिशु और मातृ की मृत्यु नहीं हो। उन्हें समय पर सभी चिकित्सकीय सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध करवाई जाए। समय पर उनका हर तरह का परीक्षण हो, समय पर सभी टीके लगाए जाए। उन्होंने बताया कि जन्म से लेकर एक वर्ष आयु तक के शिशु एवं मातृ मृत्यु की सूचना देने वाली आशा कार्यकताओं को एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इससे निगरानी और समीक्षा में मदद मिलेगी।

कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या, सिविल सर्जन डॉ. जी.एल. सोढ़ी, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रजनीश सिन्हा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए विशेष प्रयास किए जाए। उन्होंने कहा कि मातृ और शिशु मृत्यु की रोकथाम प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जन्म से लेकर एक वर्ष आयु तक के शिशु एवं मातृ मृत्यु की सूचना देने वाली आशा कार्यकताओं को एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। बैठक में उन्होंने गर्भवती माताओं की सभी जांच और टीकाकरण समय पर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला की न्यूनतम चार प्रसव पूर्व जांच एवं अंतिम तिमाही में दो चिकित्सकीय परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। जांच में ब्लड प्रेशर, वजन, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, यूरिन एलब्यूमिन, पेट की ऊँचाई, शिशु की धड़कन आदि की भी विशेष रूप से जांच की जाए। यह जानकारी अनमोल पोर्टल और रजिस्टर में दर्ज करना अनिवार्य किया जाए। प्रसव के बाद आशा और एएनएम द्वारा कम से कम छह गृह भेंट करें। महिला और नवजात की स्थिति कार्ड में दर्ज की जाए तथा खतरे के लक्षणों की स्थिति में त्वरित रेफर की व्यवस्था की जाए। उन्होंने रूबेला टीकाकरण पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के संबंध में भी समीक्षा की गई।

## विश्व पोहा दिवस मनाया



**इंदौर।** राजवाड़ा पर विश्व पोहा दिवस मनाया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने चखा स्वाद, जनता को किया निःशुल्क पोहे का वितरण।




### एआई की टैक्स प्रोफेशन में भूमिका विषय पर सेमिनार

# एआई कर पेशे में नए युग की है शुरुआत

गुड इवनिंग, इंदौर

टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन एवं इंदौर सीए शाखा द्वारा एआई की टैक्स प्रोफेशन में भूमिका विषय पर सेमिनार का आयोजन किया।



टीपीए अध्यक्ष सीए जे.पी. सराफ ने कहा कि आज के युग में प्रत्येक पेशेवर को नई तकनीकों को अपनाना आवश्यक है। संगठन भविष्य में ऐसे और भी ज्ञानवर्धक व्याख्यानों की श्रृंखला आयोजित करेगा। मानस सचिव सीए डॉ. सीए अभय शर्मा ने कहा कि यह कार्यशाला कर क्षेत्र के पेशेवरों के लिए एक आंखें खोल देने वाला सत्र सिद्ध हुई है। संस्था द्वारा जल्द ही हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। सीए सुनील पी. जैन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया एआई से कराधान पेशे मे निकट भविष्य में पेशे में दिशा और दशा में बड़े बदलाव आ जाएंगे। उन्होंने टैली में टीडीएल कोडिंग हेतु एआई का प्रयोग कर डिप्रिसिएशन की गणना एवं लेजर एनालिसिस हेतु कस्टम टीडीएल कोडिंग कैसे की जा सकती है, इसका व्यावहारिक प्रदर्शन किया और बताया कि बड़े कानूनी दस्तावेजों जैसे न्यायालय के निर्णयों के विश्लेषण हेतु गुगल का टूल किस प्रकार सहायक है। उन्होंने गैर-निगमित संस्थाओं की वित्तीय विवरणियों की प्रमाणिकता का मूल्यांकन एवं सत्यापन में एआई का उपयोग का भी प्रदर्शन किया। सेमिनार का संचालन टीपीए के मानद सचिव सीए डॉ अभय शर्मा ने किया। धन्यवाद अभिभाषण सीए प्रमोद गर्ग ने दिया।

# रेल सेवा पुरस्कार 2024 से भोपाल मंडल के 37 रेलकर्मी सम्मानित

गुड इवनिंग, भोपाल

रेलवे में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों के सम्मान में भोपाल मंडल द्वारा आयोजित रेल सेवा पुरस्कार 2024 समारोह 6 जून को न्यू नर्मदा क्लब सभागार परिसर में गारिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में विभिन्न विभागों के 37 रेलकर्मियों को उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान 13 स्टेशनों एवं डिपो को श्रेष्ठ कार्य निष्पादन शील्ड भी प्रदान की गई। आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी समा बांध दिया।

**हर विभाग की रही भागीदारी**-वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि यह सम्मान समारोह रेलवे कर्मचारियों की सेवा निष्ठा और कार्य गुणवत्ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर वर्ष आयोजित किया जाता है। इस बार इंजीनियरिंग, यांत्रिक, विद्युत, राजभाषा, परिचालन, चिकित्सा, संरक्षा, सिग्नल और दूरसंचार समेत 17 विभागों के कर्मचारियों को चयनित किया गया। समारोह में महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती गुंजन त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विजय सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया, सभी शाखा अधिकारी, यूनियन पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी उपस्थित रहे।





बीजेपी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा-

# जातिगत जनगणना का श्रेय लेना चाहती है कांग्रेस

## फिर पूछने लगे, राहुल गांधी के परिवार की कितनी आबादी है

गुड इवनिंग, भोपाल

*बीजेपी के प्रदेश कार्यालय में ओबीसी मोर्चा द्वारा जातिगत जनगणना पर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में बीजेपी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.के लक्ष्मण, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, मंत्री कृष्णा गौर, सांसद गणेश सिंह और प्रदेश भर के ओबीसी वर्ग के पदाधिकारी मौजूद थे। राज्यसभा सांसद और बीजेपी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण ने कहा- जो काम 60 साल सरकार में रहने के बाद भी कांग्रेस नहीं कर पाई। वो मोदी जी ने कर के दिखाया है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमारी सेनाओं ने आतंकवादियों के ठिकाने ध्वस्त किए। जब से मोदी जी पीएम बने ओबीसी समाज के कल्याण के लिए जो निर्णय लिए वो कांग्रेस 60 साल में सोच भी नहीं पाई।*



### जाति-धर्म के नाम पर लोगों को तोड़ना चाहते हैं राहुल

लक्ष्मण ने कहा- जब मोदी जी विकास का मुद्दा लेकर जनता के बीच जाते हैं तब ये जाति और धर्म के नाम पर लोगों को तोड़ना चाहते हैं। वोट हासिल करने का प्रयास किया गया ये पिछले चुनाव में हमने देखा। तीसरी बार अगर प्रधानमंत्री जीतेंगे तो संविधान खत्म करेंगे, आरक्षण खत्म करेंगे। संविधान की किताब लेकर चुनाव के समय राहुल गांधी ने लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया इसलिए ओबीसी मोर्चा के कार्यकताओं का दायित्व है मोदी जी ने 11 साल की सरकार में क्या-क्या काम किया वो गांव-गांव तक पहुंचाने की जरूरत है।

### नेहरू ने जातिगत जनगणना बंद कराई

डॉ. लक्ष्मण ने कहा- 1881 तक लगातार जाति को जोड़कर जनगणना होती थी। 1947 में हमें आजादी मिली नेहरू जी प्रधानमंत्री बने। 1948 में जो सेंट्रल सेंसस एक्ट लाया गया। 1951 में जो जातिगत जनगणना होने वाली थी उसे नेहरू जी ने रोक दिया कि हम जाति के आधार पर जनगणना नहीं करना चाहते। देश में पहला आयोग काका कालेलकर कमीशन बना था। उसकी सिफारिशों को लागू नहीं होने दिया। 17 साल की कांग्रेस सरकार में उस कमीशन की सिफारिशों को नेहरू जी ने लागू नहीं होने दिया।

### इंदिरा ने मंडल कमीशन की सिफारिशें लागू नहीं होने दी

डॉ. के लक्ष्मण ने कहा- जब भी कांग्रेस सरकार में आई। पिछडे.वर्ग के हित के लिए कोई कमीशन गठित नहीं किया। जब मोरार जी देसाई की सरकार आई तब मंडल कमीशन गठित हुआ। दो साल में उस कमीशन की सिफारिश पर केंद्रीय शिक्षण संस्थानों में 27 प्रश ओबीसी वर्ग को आरक्षण दिया। सरकार गिरने के कारण इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी तो उन्होंने मंडल कमीशन की सिफारिशें लागू नहीं होने दी। आज जो गलत प्रचार किया जा रहा है। उसका सच जनता को बताने की जरूरत है।

### कोविड के कारण नहीं हो पाई जातिगत जनगणना

डॉ लक्ष्मण ने कहा- जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने तो 2018 में मोदी कैबिनेट में मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि आने वाले 2021 में जो जनगणना होने वाली है उसमें हम जाति को जोड़कर जनगणना कराएंगे। बीजेपी ने कभी ने नहीं कहा कि जातिगत जनगणना नहीं कराएंगे। 2019 में कोविड के कारण जनगणना नहीं हो पाई। डॉ. के लक्ष्मण ने कहा- कल की कैबिनेट में ये घोषणा हुई है। एक मार्च 2027 से जनगणना शुरू होने जा रही है। कुछ राज्य अक्टूबर 2026 में जनगणना शुरू करने जा रहे हैं। इस तरह समय-समय पर भाजपा ओबीसी समाज के हित के लिए कटिबद्ध है।

# प्रदेश जनजातीय संग्रहालय भोपाल में मधुआ महोत्सव शुरू

## 12वीं वर्षगांठ पर संस्कृति, कला और खाने का दिखा संगम

गुड इवनिंग, भोपाल

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में शुक्रवार से मधुआ महोत्सव की शुरुआत हो गई। इस महोत्सव का आयोजन संग्रहालय के 12वें स्थापना दिवस के अवसर पर किया है, जो 10 जून तक चलेगा, जिसमें जनजातीय जीवनशैली की कई झलक देखने को मिलेगी।

महोत्सव में जनजातीय व्यंजनों के स्टॉल भी लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। वेजंती ने बताया कि उन्होंने महुए की पूड़ी, बाजरा और ज्वार की रोटी बनाई है जो बहुत पोषक और स्वादिष्ट हैं। झाबुआ की रहने अनीता ने सिलबट्टे पर पिसी हुई कई तरह की चटनियां बनाई हैं। उन्होंने लहसुन-प्याज न खाने वालों के लिए अलग चटनियों की व्यवस्था की है।

अभिनाश ने भील जनजाति के व्यंजनों की जानकारी दी, जिनमें रागी, मक्का, ज्वार के लड्डू और कुटकी की खीर शामिल हैं। ये स्वास्थ्यवर्धक और स्वादिष्ट हैं।

शोभा श्रीवास्तव ने झाबुआ की खास कढ़ी, मठा भिंडी और ज्वार-मक्का की रोटियां तैयार की हैं, जो स्वाद के साथ पोषण से भरपूर हैं।

**पारंपरिक सामानों का प्रदर्शनी लगी**- 7 से 10 जून तक आदिवासी कलाकारों के तैयार की गई पारंपरिक कलाओं की प्रदर्शनी



और बिक्री की जा रही है। इसमें पेंटिंग, मूर्तिकला, बेल मेटल (धातु कला), बांस शिल्प, लाख शिल्प, पारंपरिक वाद्य यंत्र शामिल है। इसके अलावा लकड़ी की सजावटी वस्तुएं, मिट्टी के बर्तन, हथियार, जेवर और कपड़ों के स्टॉल भी लगे हैं।

**उद्घाटन समारोह में मदिया नायक पर नृत्य-नाटक**-महोत्सव की शुरूआत 6 जून को छत्तीसगढ़ (दंतेवाड़ा) के प्रसिद्ध जननायक “मदिया नायक” पर आधारित नृत्य-नाटक से हुई है। यह प्रस्तुति लोक कला एवं सांस्कृतिक संस्था “रंगश्री”, दुर्ग दे रहा है। 7 से 9 जून तक हर शाम को भारत के विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें मणिपुर, पंजाब, महाराष्ट्र, राजस्थान समेत कई राज्यों की रंग-बिरंगी लोक संस्कृति देखने को मिलेगी। महोत्सव में एंट्री निःशुल्क है।

# ट्रैफिक पुलिस के हाथ लगे तीन नाबालिग अपराधी

गुड इवनिंग, ग्वालियर

इंदरगंज चौराहा पर ट्रैफिक पुलिस के हाथ बाइक सवार तीन नाबालिग छात्र लगे हैं। पुलिस ने नाबालिग से ड्राइविंग लाइसेंस मांगा तो नहीं मिला, लेकिन तलाशी लेने पर कमर पर पिस्टल लगी मिली है। पिस्टल देखकर पुलिस जवान हैरान रह गए। तत्काल उनको निगरानी में ले लिया। जब पुलिस ने पिस्टल की जांच की तो वह नकली निकली है।

पकड़े गए बाइक सवार नाबालिगों से पूछताछ की तो उनका कहना था कि उनको पिस्टल का शौक है। वह रौब बनाने के लिए यह नकली पिस्टल लेकर घूमते हैं। घटना शुक्रवार रात की है। पुलिस ने तीनों के नाबालिग होने पर मोटर व्हीकल एक्ट का चालान किया है। साथ ही पिस्टल को निगरानी में लेकर छात्रों के परिजन को सूचना दी है।

शहर के इंदरगंज चौराहा पर शुक्रवार रात ट्रैफिक पुलिस पॉइंट लगाकर वाहन चेकिंग कर रही थी। चेकिंग पॉइंट पर सूबेदार प्रबल सिंह यादव और आरक्षक अनूप, आरक्षक कृष्णपाल सिंह जब चेकिंग कर रहे थे, तभी बाइक सवार तीन लड़के आते हुए नजर आए। पुलिस ने इन तीनों को रोका तो पहले वह भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। जब बाइक सवार तीनों लड़कों से पूछताछ की गई तो पता लगा कि वह नाबालिग हैं। इसके बाद पुलिस ने उनकी चेकिंग की तो कमर से एक पिस्टल मिली है। इस पर पुलिस हरकत में आई और पिस्टल को निगरानी में लेकर जांच पड़ताल की तो पता लगा कि यह तो नकली है। इसके बाद पूछताछ के बाद पता लगा कि वह छात्र हैं। पुलिस ने नकली पिस्टल अपने पास निगरानी में लेकर नाबालिगों को उनके परिजन की निगरानी में सौंप दिया है।

# ग्वालियर में जल संकट से निपटने की तैयारी

गुड इवनिंग, ग्वालियर

गिरते भूजल स्तर की समस्या को लेकर केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की टीम ने शहर का दौरा किया। यह कार्रवाई सांसद भारत सिंह कुशवाह द्वारा संसद में उठाए गए मुद्दे के बाद की गई।

जल शक्ति मिशन के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राकेश सिंह दो दिवसीय दौरे पर ग्वालियर पहुंचे। टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भूजल स्तर की जांच की और वाटर रिचार्जिंग व्यवस्था का निरीक्षण किया।

डॉ. सिंह ने बताया कि केंद्रीय जल शक्ति मिशन ने ग्वालियर के 25 सरकारी भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग की मंजूरी दी है। इन भवनों का चयन जल्द किया जाएगा ताकि बारिश से पहले जल संरक्षण की व्यवस्था की जा सके।

वैज्ञानिकों ने स्वर्ण रेखा नदी और मुरार नदी के बीच के क्षेत्र को वाटर हार्वेस्टिंग के लिए सबसे



उपयुक्त बताया है। प्रशासन को इस क्षेत्र में अधिक से अधिक वाटर रिचार्जिंग करने की सलाह दी गई है।

शहर के पुराने तालाबों के जीर्णोद्धार और जल स्तर बढ़ाने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाएगी। इस योजना को केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। वार्डवार जल स्त्रोतों, जल की गुणवत्ता और वाटर लेवल की जानकारी भी एकत्र की जाएगी।

पानी, बिजली की व्यवस्था करने को कहा; कमिश्नर ने भी निरीक्षण किया

# बैरसिया में कलेक्टर ने देखें गोशाला-तालाब

गुड इवनिंग, भोपाल

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को बैरसिया में गोशाला और तालाब देखें। उन्होंने गोशालाओं में व्यवस्था करने को कहा। कमिश्नर संजीव सिंह ने भी 3 गोशालाओं का निरीक्षण किया।

कलेक्टर सिंह ने तहसील बैरसिया के ग्राम बरीछींरखेड़ा स्थित मुनि आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज गोशाला पहुंचकर निरीक्षण किया। कलेक्टर ने गोशाला की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से एवं व्यवस्थित रूप से चलता हुआ पाया। इसके अलावा कलेक्टर सिंह ग्राम पंचायत जैतपुरा के ग्राम मुड़िया खेड़ा पहुंचे। जहां पर उन्होंने जल गंगा संवर्धन योजना अंतर्गत बन रहे खेत तालाब का निरीक्षण किया। कलेक्टर के साथ बैरसिया एसडीम आशुतोष शर्मा, सहायक यंत्री जनपद पंचायत बैरसिया ,संबंधित सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

**कमिश्नर ने किया भोपाल की तीन गोशाला का निरीक्षण**-भोपाल कमिश्नर संजीव सिंह शुक्रवार को जिले की 3 गोशालाओं में पहुंचे। उन्होंने जैविक कचरे से



बायो गैस बनाने के प्लांट को देखा। वहीं, पानी और बिजली की व्यवस्था करने को कहा। कमिश्नर सिंह ने बरखेड़ी अब्दुल्ला, बालमपुर और सूखी सेवनिया का निरीक्षण किया।

बरखेड़ी अब्दुल्ला में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित वैज्ञानिक कृषक संवाद का निरीक्षण भी किया। संवाद में वैज्ञानिक एमपी सिंह, डॉ. फतेह सिंह, डॉ. सुबीर चक्रवर्ती ने किसानों को उन्नत तकनीक एवं उर्वरकों की जानकारी दी। वहीं, सभी को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी, हैप्पी सीडर के उपयोग करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

**इन व्यवस्थाओं को लेकर बोले कमिश्नर**-कमिश्नर सिंह ने बरखेड़ी अब्दुल्ला में जीवदया गोशाला एवं निमार्णाधीन सुरभि गोशाला का निरीक्षण किया। निर्देश दिए कि गोशाला में पर्याप्त पानी एवं बिजली की उपलब्धता तय करें। सिंह ने जीवदया गोशाला के संचालक रामदयाल नागर से गोशाला की क्षमता, कार्यप्रणाली, कर्मचारी की उपस्थिति दर्ज करने की प्रणाली, पानी बिजली की उपलब्धता की चर्चा की।

बरखेड़ी अब्दुल्ला में श्री दयोदय ऊर्जा एवं जैविक खाद प्राइवेट लिमिटेड बायो गैस प्लांट को देखा। अक्षय जैन द्वारा जैव कचरे से बायोगैस बनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी ली। बालमपुर के किसान नारायण सिंह के जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वनाधिकार पट्टेधारियों के निमार्णाधीन खेत तालाब का निरीक्षण किया। किसान नारायण ने बताया कि खेत तालाब में 4 लाख लीटर पानी का संचय एवं वाटर रिचार्ज किया जाता है।

### एमपीआरडीसी शुरू करेगा निर्माण, सड़क निर्माण की मिली स्वीकृति

# बायपास से ओल्ड एबी रोड चौड़ीकरण और सारंगपुर-आगर रोड का भी होगा निर्माण

गुड इवनिंग, सारंगपुर

सारंगपुर-आगर 51 किमी मार्ग का निर्माण करने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। करीब 300 करोड के इस प्रोजेक्ट को पूर्ण करने के लिए एमपीआरडीसी एशियन डेवलपमेंट बैंक से लोन लेगी, साथ ही सारंगपुर शहरी क्षेत्र में बायपास से गोपालपुरा ओल्ड एबी रोड तक सडक चौडीकरण भी अन्य एजेंसी द्वारा किया जाएगा। सारंगपुर-आगर पूरा मार्ग निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद विभाग द्वारा इस दिशा में कार्रवाई तेज कर दी है। एक माह में प्रक्रिया पूर्ण कर टेंडर स्वीकृति के बाद विभाग संबंधित एजेंसी को वर्क आर्डर भी जारी कर देगा।

**वर्ष 2007 में बना था सारंगपुर से आगर तक जाने वाला मार्ग-** वर्ष 2007 में इस मार्ग का निर्माण किया गया था, इस मार्ग पर अब यातायात का दबाव काफी बढ गया है और टू लेन सडक होने के कारण वाहन क्रासिंग के दौरान वाहन चालक को काफी परेशानी का सामना करना पडता है, जिसके कारण इस मार्ग पर वाहन दुर्घटनाएं भी अधिक हो रही थी। शहरी मार्ग चौडीकरण के साथ नव निर्माण के बाद इस मार्ग पर सफर आसान हो जाएगा और हो रही वाहन दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा।



### इसी पर किया जाएगा निर्माण

वर्तमान में सारंगपुर-आगर मार्ग 5.50 मीटर चौडा बना हुआ है, स्वीकृति के अनुसार विभाग के द्वारा इस मार्ग को वर्तमान स्थिति के अनुसार ही बनाया जाएगा, जिसके तहत वर्तमान में जो डामरीकरण सडक पर हो रहा है उस पर ही 10 मीटर चौडाई में दोनों तरफ एक-एक मीटर के साईड शोल्डर बनाकर निर्माण किया जाएगा। जिससे ना तो सडक पर भू-अर्जन की परेशानी और ना ही किसी प्रकार का कोई मुआवजा देना पडेगा।

### शुरू कर दी प्रक्रिया

सारंगपुर से आगर से जाने वाले मार्ग निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिली है, जिसके बाद हमने इस मार्ग को 10 मीटर चौडा बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। जल्द ही समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी और फिर मार्ग का निर्माण शुरू कराया जाएगा।

**एसके. मनवानी, डिविजनल मैनेजर, एमपीआरडीसी।**

# इंदौर की शराब दुकानों की कार्रवाई का असर ग्रामीण दुकानों पर भी दिखा

### ग्रामीण क्षेत्रों में अब शराब ठियों पर कम रेट

गुड इवनिंग, देपालपुर

इंदौर शहर में आबकारी विभाग के अंतर्गत आने वाली शराब की दुकान के अवर रेट में शराब बेचने के वीडियो व शिकायत लगातार राजस्व व आबकारी अधिकारियों को मिल रही परंतु कार्यवाही नही हो रही । इंदौर के कलेक्टर आशीष सिंह को भी बार-बार वीडियो व समाचार पत्रों के माध्यम से अवर रेट में शराब बेचने की शिकायत लगातार मिल रही थी जिसे लेकर इंदौर की 19 दुकानों पर कार्यवाही की गई और चेतावनी दी गई थी कि अवर रेट में अगली बार शिकायत आई तो लाइसेंस सस्पेंड हो सकता है के बाद ग्रामीण क्षेत्र के राजश्व व अन्य अधिकारियों के द्वारा भी उक्त शिकायत के बाद कार्यवाही करने की बात की जा रही थी । इंदौर कलेक्टर के शराब की कीमत अवर रेट में बेचने लेकर जैसे ही कार्रवाई हुई उसके बाद सभी जगह शराब की दुकानों पर एमआरपी, एमएसपी की दरों के अनुसार शराब विक्रय की गई ।

ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह अभी अवैध शराब बिक्री हो रही है परन्तु मुख्य लाइसेंस धारियों के द्वारा भाव की कमी का असर अवैध दुकानों पर भी दिखाई दिया । जो देसी प्लेन ओर लाल का क्वार्टर 15 रुपये ज्यादा था वह सही रेट में मिला । ठेकेदारों द्वारा दशको पुरानी बोलोरो गाड़ीयो द्वारा जो कि बिना नंबर की खटारा गाड़ियां होती है उनमें अवैध रूप से गांव-गांव, गली-गली में अवैध शराब पहुंचाई जा रही अब देखना होगा कि जो अवैध शराब के ठीये ठेकेदारों द्वारा खोलें गए उन पर कब तक कार्यवाही होती है।

# अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ जिला धार के जिला अध्यक्ष पद पर चौहान मनोनीत

गुड इवनिंग, धार



अशोक कुमार चौहान प्रजापति को राष्ट्रीय कार्यकारिणी अखिल भारतीय कुंभकार प्रजापति महासंघ द्वारा लगातार तीसरी बार जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है अशोक चौहान वर्ष 2016 से इस पद पर मनोनीत हुए हैं

इनके मनोनयन पर विजय नागौरे मंदसौर नक्सवाल जी हुकुमचंद आणिया जगदीश चौहान राकेश वर्मा इंदौर अनंत चौधरी हैदराबाद राजेश प्रजापति खलघाट शैलेंद्र चौहान उपाध्यक्ष नगर पंचायत सरदारपुर कैलाश चौहान आर एस चौहान अशोक वर्मा प्रवीण बावनिया जितेंद्र पंवार धार द्वारा हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की श्री चौहान ने प्रजापति समाज के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

# मोघिया जाति के लोगों ने षडयंत्र पूर्वक बनवाया है अजजा प्रमाण पत्र:राम भिलाला

### जाति प्रमाण पत्र बनाने के विरोध में भील-भिला समाज संगठन ने सारंगपुर में दिया ज्ञापन, प्रमाण पत्र निरस्त करने की मांग

गुड इवनिंग, सारंगपुर

शुक्रवार को भील भिलाल समाज संगठन के लोगों ने अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे के नाम का ज्ञापन जिला अध्यक्ष गोपाल भिलाला एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राम भील के नेतृत्व में नायब तहसीलदार गोपाल सिंह चौहान को सौंपा। ज्ञापन देते हुए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राम भील ने बताया कि सारंगपुर में निवासरत मोघिया जाति (अनुसूचित जाति) द्वारा षडयंत्र पूर्वक अनुसूचित जनजाति में प्रवेश कर गलत तरीके से बनाये गये जाति प्रमाण पत्र पर रोक लगाई जाए और निरस्त कर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

**ज्ञापन में यह की मांग-** राम भील ने बताया कि राजगढ़ जिले के सारंगपुर में मोघिया जाति निवास निवासरत है, वर्तमान में मोघिया जाति जो कि अनुसूचित जाति में आती है। उनके द्वरा षडयंत्र पूर्वक गोंड आदिवासी की उपजाति मोगिया शब्दावली का फेरबदल कर अनुसूचित जनजाति में प्रवेश करने का प्रयास किया जा रहा है एवं सारंगपुर में बिना तथ्यों के आधार पर कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी से कई गलत स्थायी जाति प्रमाण पत्र बनवा कर शासन द्वारा प्रदत शासकीय सेवाओं में आरक्षण व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में आरक्षण एवं अन्य आदिवासी हितों से जुडी हुई मूलभूत सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं एवं लेने का प्रयास भी करते आ रहे हैं।

**नियम का किया जा रहा है उल्लंघन-** ज्ञापन देते हुए श्रीभील ने बताया कि मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन का पत्र क्रमांक 7-80/2014 आ. प्र./एक भोपाल दिनांक 19/02/2016 में मोघिया, मोगिया, मोंग्या के संबंध में स्थाई जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, जिसमें अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियां आदेश संशोधन अधिनियम 2002 में मध्यप्रदेश राज्य के लिए अनुसूचित जनजाति की सूची के सरल क्रमांक 16 पर गोंड जाति के साथ मोघ्या, मोगिया, मोंग्या संपूर्ण मध्यप्रदेश के लिए अनुसूचित जन जाति अधिसूचित है।

# आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न

### दो दिवसीय आयोजित प्रशिक्षण में बाल विकास, पोषण एवं प्रारंभिक शिक्षा पर विशेष केन्द्रित रहा





गुड इवनिंग, खातेगांव

समावेश संस्था द्वारा इंडिया विकास संस्थान के सहयोग से महिला एवं बाल विकास विभाग, खातेगांव सहयोग से आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण रखा गया। इस प्रशिक्षण में कुल 9 गांवों से 22 आंगनवाड़ी कार्यकतर्ता एवं सहायिकाएं सम्मिलित हुई।

प्रशिक्षण का उद्देश्य एकीकृत बाल विकास सेवा (क्ळऊ) की मुख्य अवधारणाओं से कार्यकताओं को पुनः अब अवगत कराना तथा बाल विकास, पोषण एवं शाला पूर्व शिक्षा (एउए) के क्षेत्र में उनकी भूमिका को और अधिक सशक्त बनाना था।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा पुर केंद्रित विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। साथ हीं, बच्चों के साथ कार्य करने के कौशल और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। प्रशिक्षण में शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, रचनात्मक एवं भाषाई विकास से संबंधित गतिविधियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, शाला पूर्व शिक्षा के लिए आवश्यक शिक्षण सामग्री का निर्माण भी प्रशिक्षण का प्रमुख भाग रहा। पोषण एवं किशोरी स्वास्थ्य पर योजना बनाई गई।

इस सफल आयोजन में शाकिर पठान, योगेश मालवीय, आरिफ और हरिओम का उल्लेखनीय योगदान रहा। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक, सुपरवाइजर के मार्गदर्शन में कार्यकताओं और सहायिकाओं की सक्रिय सहभागिता ने इस प्रशिक्षण को सार्थक एवं प्रभावी बनाया।

### किसानों के लिए चला विकसित कृषि संकल्प अभियान

# आधुनिक तकनीक के बारे में किसानों को किया जागरूक

गुड इवनिंग, सारंगपुर



कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा खरीफ-पूर्व अभियान के तहत विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन 29 मई से 12 जून के बीच किया जा रहा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के निदेर्शानुसार भारत कृषि जागरण यात्रा-अनुसंधान किसान के द्वार के अंतर्गत विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया है। जिसके तहत विकासखंड सारंगपुर में शुक्रवार विकासखंड सारंगपुर की पंचायत कडलावद, भुमका, भ्याना में यह यात्रा पहुंची। जहां वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र डॉक्टर एके मिश्रा, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक राकेश परमार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजेश राजपूत, एईओ वेदप्रकाश सेन, रोहित जाटव, सुरेश पाटीदार, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी बद्री प्रसाद वसुनिया एवं सहयोगी विभाग के अधिकारियों ने उपस्थित होकर कृषि, उद्यान फसलों पर, मृदा नमूनीकरण , सोयाबीन की उन्नात खेती, बीबीएफ विधियां, पशुपालन विभाग की योजना आदि जानकारी दी। श्रीराजपूत ने बताया कि किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्ना फसलों के चयन तथा संतुलित उर्वरक एवं खाद इत्यादि के प्रयोग के लिए जागरूक एवं शिक्षित किया जा रहा है। किसानों से फीडबैक लेकर उनके द्वारा किए गए नवाचार अनुसंधान की दिशा का निर्धारण किया जा सकेगा।

अभियान के अंतर्गत कृषि से जुड़े मुख्य विषयों पर चर्चा कर उन्नात तकनीकों, नई किस्मों और सरकारी योजनाओं के बारे में किसानों के बीच जागरूकता पैदा की जाएगी। उत्पादकता वृद्धि के मूल मंत्र तथा समय पर बुवाई, प्रमाणित तथा उन्नात बीज का उपयोग, बीजोपचार, मिट्टी की जांच के आधार पर संतुलित उर्वरक प्रयोग, गर्मी में खेत की गहरी जुताई, उचित बीज दर एवं फसल की कतार में बुवाई, दलहनी एवं तिलहनी फसलों में जिप्सम का उपयोग, फव्वारा, ड्रिप, पाईप लाईन का उपयोग इत्यादि के बारे में जागरूकता जगाई जा रही है।

# निर्जला एकादशी मनाई, गायों को खिलाया हरा चारा

गुड इवनिंग, सारंगपुर

शुक्रवार को सारंगपुर शहर सहित अंचल में निर्जला एकादशी का पर्व मनाया गया। समाजजनों ने इस दौरान गोशालाओं में पहुंचकर गायों को हरा चरा गिलाया। पंडित पवन पारीक ने इसका महत्व बताते हुए कहा कि आज के दिन गायों को हरा चारा खिलाना एक शुभ और धार्मिक कार्य माना जाता है। ऐसा करने से घर में सुख-समृद्धि आती है और सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को



निर्जला एकादशी मनाई गई, जो भगवान विष्णु को समर्पित है। इस दिन गौ माता को हरा चारा खिलाना शुभ और धार्मिक कार्य माना जाता है।

**घर में आती है सुख-समृद्धि-** गाय को हरा चारा खिलाने से घर में सुख-समृद्धि आती है और वास्तु दोष दूर होते हैं। विशेष रूप से बुधवार और शुक्रवार को हरा चारा खिलाने से सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलती है। गाय को हरा चारा खिलाने से बुध ग्रह मजबूत होता है और राहु ग्रह का शुभ फल मिलता है। पं पारीक ने कहा कि यदि किसी को पितृदोष हो तो गाय को प्रतिदिन या अमावस्या को रोटी और गुड खिलाना चाहिए, जिससे पितृदोष से मुक्ति मिलेगी। जबकि एकादशी व्रत रखने और गाय को हरा चारा खिलाने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है, जिससे सुख, समृद्धि और पापों की क्षमा मिलती है।

# भैंसवा माता मंदिर की दानपेटी से चोरी के मामले में मंत्री टेटवाल ने लिया संज्ञान

**सारंगपुर।** सारंगपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध भैंसवा माता मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने मंदिर परिसर में रखी दान पेटी का ताला तोडकर नकदी पर हाथ साफ कर दिया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में भक्ति भाव से दान अर्पित किया था, जिसे मंदिर के निर्माण और विकास कार्यों के लिए सुरक्षित रखा गया था और इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से पूरे नगर में आक्रोश की लहर फैल गई है। भक्तों की आस्था और विश्वास पर सीधे प्रहार करते हुए हुई इस चोरी को लेकर स्थानीय जनमानस में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। चोरी की खबर मिलते ही मध्यप्रदेश शासन के मंत्री एवं सारंगपुर विधायक गौतम टेटवाल ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्परता दिखाते हुए पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी को तत्काल जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह सिर्फ चोरी नहीं, बल्कि जनआस्था पर चोट है। किसी भी सूरत में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### डिवाइडर पर पेड़-पौधे लगा दिए जाएं तो हादसों पर अंकुश लग सकता है

# रात के समय हाईवे पर आमने-सामने वाहनों के आने से बंद हो जाती हैं आंखें

गुड इवनिंग, सारंगपुर

किसी भी नेशनल या स्टेट हाइवे की सड़क पर यदि डिवाइडर बनाया गया है तो उस डिवाइडर पर सडक निर्माण के साथ ही पौधे रोपे जाते हैं, ताकि सडक का उपयोग शुरू होने तक पौधे इतने बडे हो जाएं कि एक साइड से आने वाले वाहनों की लाइट दूसरी साइड से आने वाले वाहन चालक की आंखों में सीधे ना पडे। इस तरह दोनों ही और के वाहन चालकों को सामने वाले वाहन की वाहन की हेड लाइट से परेशानी न हो और वह अपनी लाइन में वाहन चलाते हुए सुरक्षित ढंग से निकल जाए। डिवाइडर पर पौधे रोपने का यह प्रमुख कारण है, इसके साथ ही वाहनों के प्रदूषण को नियंत्रित करना दूसरा कारण है। बीते कुछ सालों में देवास से ब्यावरा नेशनल हाइवे का चौडीकरण कर फोर लेन बनाया गया है। इस मार्ग का निर्माण हुए 5 साल से ज्यादा हो गए, लेकिन इसके डिवाइडर पर



कहीं पौधे नहीं रोपे गए। कुछ जगह ग्रामीणों ने पौधे रोपे हैं। ऐसे में रात के समय इस हाइवे पर आए दिन हादसे हो रहे है। जिनमें लोगों की जान जा रही है और कई लोग विकलांग हो रहे है।

**नियमों की अनदेखी, जिम्मेदार गायब-** एनएच-52 का निर्माण हुए पांच वर्ष से ज्यादा का बीत चुका है। इस दौरान इस सडक पर सैकडों दुर्घटनाएं हो चुकी है। बाबजूद इसके जिम्मेदार विभाग के अधिकारी गायब है, जबकि नियम कहता है कि सडक के निर्माण के दौरान या निर्माण पूर्ण होने पर डिवाइडर पर हर हाल में पौधे रोपना है। वह इसलिए भी कि सडक के निर्माण में जो पेड काटे गए उनकी भी पूर्ति यहां से हो सके।

### आए दिन हो रहे हादसे

सडकों पर होने वाले हादसों में हर माह औसतन दस लोगों की मौत हो रही है। सूत्रों की माने तो जनवरी से मई तक हादसों में दर्जनों लोगों की मौत हुई, जबकि कई लोग घायल हुए। ये हादसे शहर से लगी सभी सडकों पर हुए। जिनमें एनएच पर हुए हादसे भी शामिल हैं जबकि यह फोर लेन है।

### मोड पर ज्यादा खतरा

हाइवे पर वाहन चालकों को सबसे ज्यादा खतरा मोड पर होता है। सीधे मार्ग पर तेज रफ्तार से चलते हुए वाहन चालक की आंखों में यदि सामने से आ रहे वाहन की लाइट पडती है और उसी समय सडक पर मोड है तो वाहन का दुर्घटनाग्रस्त होना तय है। आंखें मिचमिचाने के कारण चालक को मोड दिखाई नहीं देता, जिससे उसका वाहन या तो डिवाइडर पर चढता है, या सडक से उतर जाता है। ऐसे ही हालातों में एनएच पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। लगभग एक माह पहले ब्यावरा बैंक मेनेजर की कार अनियंत्रित होकर सडक से उतरकर खाई में जा गिरी थी, इस दुर्घटना में कार सवार मासूमों सहित तीन लोगों की मौत हुई थी। दरअसल यहां हाइवे पर मोड है। जिससे यदि चालक की आंखों में कोई दिक्कत आती है तो या तो वाहन डिवाइडर से टकराता है या सडक से नीचे उतर जाता है।

**इनका कहना-** एनएचएआई और फोरलेन निर्माण कंपनी के अधिकारियों को इस संबंध में बैठक कर निर्देशित किया जाएगा।

**रोहित बम्होरे, एसडीएम, सारंगपुर।**

# देशभर की वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण अब उम्मीद पोर्टल पर करना जरूरी

## अब छह महीने में कराना पंजीकरण हुआ आवश्यक

नई दिल्ली, एजेंसी

वक्फ पर केंद्र सरकार ने एक कदम और बढ़ाया। 6 जून को उम्मीद यानी उम्मीद वक्फ मैनेजमेंट एम्पावरमेंट इफेक्टिव एंड डेवलपमेंट यानी एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास कानून पोर्टल लॉन्च किया। इस पोर्टल के जरिए देशभर की वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण किया जाएगा, साथ ही पहचान के लिए चुनाव आयोग के डेटा का सहारा लिया जाएगा।

इसके तहत सभी वक्फ संपत्तियों को 6 महीनों के भीतर पंजीकृत कराना अनिवार्य होगा। उम्मीद का उद्देश्य लाभार्थियों को उनके अधिकारों तक डिजिटल पहुंच प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है, साथ ही लंबे समय से चले आ रहे संपत्ति विवादों को सुलझाना और जवाबदेही बढ़ाना भी है।

वक?फ कानून के मुताबिक वक्फ संपत्तियों का पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य होगा। ऐसा वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के मकसद से किया गया है। शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने उम्मीद पोर्टल की शुरूआत की। इस मौके पर अन्य राज्यों से भी सचिव और वक्फ बोर्ड के अधिकारी भी वर्चुअली मौजूद रहे। सरकार ऐसे वक?त में यह पोर्टल लॉन-?च करने जा रही है जब सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून




पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा है। एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995 के उद्देश्यों के लिए उम्मीद सेंट्रल पोर्टल स्थापित किया गया है। इस पोर्टल का उद्देश्य धारा 3इ के तहत वक्फ के विवरण का दाखिल करना, धारा 5 के तहत औकाफ की सूची का अपलोड करना, धारा 36 के तहत नए वक्फ का पंजीकरण, धारा 37 के तहत औकाफ के रजिस्टर का रखरखाव और धारा 46 के तहत एक वक्फ के मुतवल्ली के खातों का रखरखाव और प्रस्तुतीकरण, धारा 47 के तहत ऑडिट रिपोर्ट का प्रकाशन और धारा 48 के तहत बोर्ड की कार्यवाही और आदेश का प्रकाशन है।

### पोर्टल की मुख्य विशेषताएं

1. पोर्टल एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995 के प्रावधानों के अनुसार है।
2. मोबाइल नंबर/ईमेल आधारित लॉगिन ओटीपी सत्यापन के माध्यम से।
3. डेटा अखंडता सुनिश्चित करने और अनधिकृत प्रविष्टियों को रोकने के लिए तीन स्तरीय उपयोगकर्ता यानी मेकर-चेकर-अनुमोदक।
4. डेटा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ड्रॉपडाउन के माध्यम से संरचित इनपुट।
5. स्थानीय शासन निर्देशिका (एलजीडी) कोड का एकीकरण।
6. वक्फ और वक्फ के तहत संपत्तियों के पंजीकरण के लिए एकल चरण प्रक्रिया।
7. प्रत्येक वक्फ संपत्ति के लिए एक 17-अंकीय विशिष्ट आईडी पोर्टल द्वारा विवरण के आधार पर उत्पन्न की जाती है, जो एक केंद्रीकृत और पारदर्शी डिजिटल रिकॉर्ड को सक्षम करती है जो वक्फ संपत्तियों की स्थिति, स्वामित्व और उपयोग को ट्रैक करने में दक्षता में सुधार करेगी।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मास्टरमाइंड कनाडा में अरेस्ट

## हत्या के दौरान मौके पर मौजूद था, पाकिस्तानी डॉन की मदद से विदेश भागा था



मंबई, एजेंसी

एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के मास्टरमाइंड जीशान अख्तर उर्फ जस्सी पुरेवाल को कनाडा की सरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि गिरफ्तारी किस केस में हुई है। 12 अक्टूबर 2024 की रात को बाबा सिद्दीकी की मुंबई में उनके बेटे जीशान सिद्दीकी के ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस गैंग ने ली थी। गैंग ने दावा किया था कि बाबा सिद्दीकी बॉलीवुड स्टार सलमान खान के करीबियों में था। इसी वजह से उसे मारा। पुलिस जांच में सामने आया था कि सिद्दीकी की हत्या का मास्टरमाइंड जालंधर का रहने वाला जीशान अख्तर है। जब शूटर्स ने सिद्दीकी को गोलियां मारी तो वह मौके पर मौजूद था। हत्या के बाद वह विदेश भाग गया था। तब दावा किया गया था कि उसे भगाने में पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी ने मदद की थी। हाल ही में लॉरेंस गैंग ने जीशान से पल्ला झाड़ते हुए उसे मारने की धमकी दी थी।

**पहले बाबा सिद्दीकी मर्डर केस के बारे में जानिए :** 12 अक्टूबर 2024 को रात साढ़े 9 बजे मुंबई के बांद्रा के खेर वाड़ी सिग्नल पर महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में उत्तर प्रदेश के बहराइच के रहने वाले हरीश कुमार, कैथल (हरियाणा) के गुरमैल बलजीत सिंह, बहराइच (उत्तर प्रदेश) के धर्मराज कश्यप और पुणे (महाराष्ट्र) के रहने वाले प्रवीण लोनकर को गिरफ्तार किया। मर्डर की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी। बाबा सिद्दीकी बॉलीवुड कनेक्शन की वजह से फेमस रहे। आरोपियों से पूछताछ में जालंधर के रहने वाले जीशान अख्तर का नाम सामने आया। जब शूटर्स ने सिद्दीकी को गोलियां मारी तो वह मौके पर मौजूद था। जीशान का प्लान था कि अगर बाबा सिद्दीकी शूटर्स की गोलियों से बच गया तो वह उसे गोलियां मारेगा। उस दौरान वह लॉरेंस के भाई अनमोल से फोन पर टच में था। सिद्दीकी के मरने के बाद उसने अनमोल को मौके के फोटो और वीडियो भेजे और कन्फर्म किया कि सिद्दीकी मर गया है।

# राम मंदिर में 24 कैरेट के 45 किलो सोने का उपयोग हुआ



## राम दरबार देखने के लिए पास लेना होगा

अयोध्या, एजेंसी

अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर के निर्माण में अब तक 45 किलो शुद्ध (24 कैरेट) सोना इस्तेमाल किया गया है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने जानकारी दी कि यह सोना मुख्य रूप से भगवान राम के सिंहासन और भूतल के दरवाजों में प्रयोग हुआ है। मंदिर के निर्माण में 45 किलो शुद्ध सोने का इस्तेमाल हुआ है, जिसकी कीमत लगभग 44.88 करोड़ रुपए है। यह अब तक किसी धार्मिक निर्माण में उपयोग हुए सबसे महंगे और पवित्र धातुकार्यों में गिना जा सकता है। 5 जून को श्रीराम, सीता माता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान जी की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। राम दरबार को भव्य रूप से स्वर्ण और पारंपरिक वास्तुकला से सजाया गया है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ी है।

# ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़, 766 खाते फ्रीज

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत एक बड़े अवैध सट्टेबाजी और जुआ रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में ईडी कोलकाता की टीम ने पश्चिम बंगाल, दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश और असम में फैले कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई उन संगठित अपराधियों के खिलाफ की गई, जो म्यूल अकाउंट यानी फर्जी बैंक खातों का इस्तेमाल करके डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सट्टा और जुआ जैसे गैरकानूनी कार्यों को अंजाम दे रहे थे।

ईडी की इस तलाशी कार्रवाई में कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल डिवाइसेज, मोबाइल फोन, लैपटॉप और लेन-देन से संबंधित डिजिटल डेटा जब्त किया गया है। इस दौरान ईडी ने 766 म्यूल बैंक अकाउंट्स और 17 डेबिट/क्रेडिट कार्ड फ्रीज कर दिए हैं, जिनका इस्तेमाल अवैध धन के लेन-देन में किया जा रहा था।


इस मामले में दो लोगों विशाल भारद्वाज उर्फ बादल भारद्वाज और सोनू कुमार ठाकुर को गिरफ्तार किया गया




है। दोनों आरोपियों को कोलकाता की माननीय विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 10 दिनों की ईडी कस्टडी में भेज दिया गया है। एजेंसी के मुताबिक, ये आरोपी सट्टेबाजी और जुआ से कमाए गए पैसे को इन फर्जी खातों के जरिए ट्रांसफर कर रहे थे और मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए उसे वैध बनाने की कोशिश कर रहे थे। ईडी का मानना है कि यह एक बड़ा अंतरराज्यीय रैकेट है, जिसका नेटवर्क देशभर में फैला हुआ है। एजेंसी अब डिजिटल डिवाइसेज से मिले डेटा की फॉरेंसिक जांच कर रही है और संभावना जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। इस कार्रवाई को ईडी ने देश में बढ़ती डिजिटल ठगी, अवैध सट्टेबाजी और हवाला नेटवर्क पर कड़ी चोट बताया है।

## बिजनेस

# ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर अब नहीं मिलेंगे बिना ईटीए वाले वॉकी-टॉकी



नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर वॉकी-टॉकी सहित रेडियो उपकरणों की अवैध बिक्री पर नकेल कसने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इन नए दिशानिदेर्शों का उद्देश्य ऐसे वॉकी-टॉकी की बिक्री पर रोक लगाना है, जिनमें उचित फ्रीक्वेंसी प्रकटीकरण, लाइसेंसिंग जानकारी या उपकरण प्रकार अनुमोदन (ईटीए) नहीं होता। ईटीए के बिना वॉकी-टॉकी बेचना उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 का सीधा उल्लंघन माना जाएगा।

**क्यों जरूरी थे ये दिशानिर्देश? :** सीसीपीए ने दूरसंचार विभाग और गृह मंत्रालय के साथ गहन अंतर-मंत्रालयी परामर्श के बाद इन दिशानिदेर्शों को तैयार किया है, ताकि एक समन्वित दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके। सीसीपीए ने एक बयान में कहा, यह पाया गया है कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर वॉकी-टॉकी बिना किसी वायरलेस ऑपरेटिंग लाइसेंस की आवश्यकता या लागू कानूनों के अनुपालन की स्पष्ट जानकारी के बेचे जा रहे हैं।

**गुमराह होते हैं उपभोक्ता :** वर्तमान में वॉकी-टॉकी के लिए उत्पाद लिस्टिंग में अक्सर यह नहीं बताया जाता कि उपकरण को संबंधित अधिकारियों से लाइसेंस की आवश्यकता है या नहीं। भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम 1885, वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम 1933 और कम शक्ति, बहुत कम शक्ति वाले शॉर्ट रेंज रेडियो फ्रीक्वेंसी डिवाइस (लाइसेंसिंग आवश्यकता से छूट) नियम, 2018 जैसे महत्वपूर्ण विवरण, जैसे कि फ्रीक्वेंसी रेंज और लाइसेंसिंग दायित्व, अक्सर छोड़ दिए जाते हैं।

**नए दिशानिर्देशों में क्या है?**

- ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर केवल वही वॉकी-टॉकी उपकरण बिक्री के लिए उपलब्ध हों, जो अधिकृत और अनुपालक हों (अनुमत आवृत्तियों पर काम करते हों)।
- उत्पाद सूची में फ्रीक्वेंसी रेंज और तकनीकी पैरामीटर स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट होने चाहिए।
- उपकरण प्रकार अनुमोदन (ईटीए) के माध्यम से नियामक अनुमोदन का प्रमाण भी शामिल होना चाहिए।
- ई-कॉमर्स संस्थाओं को उचित प्रक्रिया का पालन करना होगा और नियामक अनुपालन को सत्यापित करना आवश्यक होगा।

# मर्सिडीज, फॉक्सवैगन समेत कई कंपनियां भारत में बनाएंगी इलेक्ट्रिक कार

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि मर्सिडीज बेंज, स्कोडा-फॉक्सवैगन, हुंडई और किआ समेत कई ग्लोबल ऑटोमोबाइल कंपनियों ने भारत में इलेक्ट्रिक कारों की मैन्यूफैक्चरिंग में रुचि दिखाई है। इन कंपनियों ने भारत में इलेक्ट्रिक पैसेंजर कार की मैन्यूफैक्चरिंग को प्रोमोट करने वाली स्कीम के संबंध में सरकार और इंडस्ट्री के बीच बातचीत के दौरान रुचि जताई है।

मंत्री ने स्कीम के बारे में विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए। हालांकि, इस स्कीम को पिछले साल 15 मार्च को नोटिफाई किया गया था, लेकिन इसके दिशानिर्देश सोमवार को जारी किए गए।

**स्कीम के तहत कब आवेदन कर पाएंगी कंपनियां :** अधिकारियों ने कहा कि स्कीम के तहत आवेदन करने की सुविधा एक-दो हफ्ते में शुरू हो जाएगी और ये देखना बाकी है कि कौन-



सी कंपनियां वास्तव में आगे बढ़ेंगी और आवेदन करेंगी। कुमारस्वामी ने कहा, मर्सिडीज बेंज, फॉक्सवैगन, स्कोडा, हुंडई, किआ इन सभी कंपनियों ने पहले ही इलेक्ट्रिक कार मैन्यूफैक्चरिंग में रुचि दिखाई है।

ग्लोबल मैन्यूफैक्चरर्स को इस स्कीम के तहत आवेदन मंजूरी की तारीख से 5 साल की अवधि के लिए 15 प्रतिशत के कम कस्टम ड्यूटी पर न्यूनतम 35,000 अमेरिकी डॉलर के सीआईएफ (लागत, बीमा और माल ढुलाई) मूल्य के साथ ई-4डब्ल्यू की पूरी तरह से विनिर्मित इकाइयों (सीबीयू) का आयात करने की अनुमति दी जाएगी।

**कितने रुपए का करना होगा निवेश :** स्वीकृत आवेदकों को स्कीम के प्रावधानों के अनुरूप न्यूनतम 4150 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा। आवेदन आमंत्रित करने वाले नोटिस के माध्यम से आवेदन प्राप्त करने की अवधि 120 दिन (या अधिक) के लिए होगी। इसके अलावा, भारी उद्योग मंत्रालय को 15 मार्च, 2026 तक जरूरत के मुताबिक आवेदन की सुविधा देने का अधिकार होगा।

**टेस्ला को लेकर क्या है अपडेट :** उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि इलेक्ट्रिक कार मैन्युफैक्चरर टेस्ला भारत में इलेक्ट्रिक कार बनाने में रुचि नहीं रखती है, लेकिन कंपनी देश में अपने शोरूम स्थापित करने को इच्छुक है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेस्ला को लेकर कहा था कि अगर कंपनी भारत के शुल्क से बचने के लिए वहां प्लांट स्थापित करती है तो ये अमेरिका के लिए अनुचित होगा।

# इंडिगो शुरू करेगा लंदन समेत 10 डेस्टिनेशंस के लिए सीधी फ्लाइट

मुंबई, एजेंसी

घरेलू एयरलाइन और देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो चालू वित्त वर्ष में लंदन और एथेंस सहित कुल 10 इंटरनेशनल डेस्टिनेशंस के लिए डायरेक्ट फ्लाइट शुरू करन की तैयारी में है। पीटीआई की खबर के मुताबिक, इसके सीईओ पीटर एल्बर्स ने यह बात कही। इंडिगो के दूसरे डेस्टिनेशंस में एम्स्टर्डम (नीदरलैंड), मैनचेस्टर (यूके), कोपेनहेगन (डेनमार्क) सिएम रीप (कंबोडिया) और मध्य एशिया के चार स्थान के लिए भी डायरेक्ट फ्लाइट की शुरूआत करेगी।

**मुंबई से मैनचेस्टर और एम्स्टर्डम के लिए डायरेक्ट फ्लाइट :** खबर के मुताबिक, इंडिगो जुलाई में पट्टे पर लिए गए बोइंग 787-9 विमानों के साथ मुंबई से मैनचेस्टर और एम्स्टर्डम के लिए डायरेक्ट फ्लाइट ऑपरेट करना शुरू करेगी और यूके



(ब्रिटेन) के शहरों के लिए सेवाएं एयरलाइन की लंबी दूरी की शुरूआत भी होंगी। राष्ट्रीय राजधानी में एक ब्रीफिंग में एल्बर्स ने कहा कि भारतीय विमानन में बहुत बड़ा अवसर है, जहां बढ़ती मांग को बुनियादी ढांचे के विस्तार से समर्थन मिल रहा है।

**इंडिगो का बेड़ा कितना बड़ा है? :** आपको बता दें, इंडिगो के पास 430 से अधिक विमानों का बेड़ा है और यह 90 से अधिक घरेलू और 40 इंटरनेशनल डेस्टिनेशंस के लिए उड़ान भरती है। 10 अरब अमेरिकी डॉलर की इनकम वाली कंपनी इंडिगो 90 से ज्यादा घरेलू और 40 इंटरनेशनल डेस्टिनेशंस के लिए उड़ान भरती है। यह 430 से अधिक विमानों के बेड़े के साथ प्रतिदिन 2,300 से अधिक उड़ानें संचालित करती है। एल्बर्स ने कहा कि भारत को कनेक्टिंग फ्लाइट्स के लिए एक बेहतरीन स्थान बनाने का भी एक बड़ा अवसर है, क्योंकि उन्होंने देश की अंतरराष्ट्रीय हब बनने की क्षमता पर है।

**भारत के इंटरनेशनल ट्रैफिक में इंडिगो की कितनी हिस्सेदारी है? :** मौजूदा समय में, भारतीय एयरलाइन इंडिगो भारत के अंतरराष्ट्रीय यातायात का 45 प्रतिशत हिस्सा हैं, जबकि शेष 55 प्रतिशत विदेशी एयरलाइनों द्वारा सेवा प्रदान की जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि एयरलाइन में महिला पायलटों की संख्या सबसे अधिक है, जो कुल पायलट क्षमता का लगभग 15 प्रतिशत है। इंडिगो जून में राष्ट्रीय राजधानी में अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) की 81वीं वार्षिक आम बैठक की मेजबानी भी करेगी। एजीएम 42 सालों के बाद भारत में हो रही है।

# वाट्सएप स्टेटस के लिए चार नए फीचर लॉन्च

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनियाभर में इंस्टेंट मैसेजिंग के लिए वॉट्सऐप का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। करीब 3.5 बिलियन से अधिक लोग अपने मोबाइल में वॉट्सएप को यूज करते हैं। अपने करोड़ों ग्राहकों को की सहूलियत और सुविधा के लिए मेटा के स्वामित्व वाले इस एप्लिकेशन में नए-नए फीचर्स आते रहते हैं। वॉट्सएप यूजर्स को स्टटेस का फीचर मिलता है। अब कंपनी ने इसमें बड़ा बदलाव कर दिया है। वाट्सएप की तरफ से स्टेटस के लिए 4 नए फीचर लॉन्च किए गए हैं।

वॉट्सएप ने पिछले कुछ समय में स्टेटस में कई सारे बड़े अपडेट किए हैं। कुछ समय पहले ही कंपनी ने स्टेटस में कॉन्टैक्ट मेंशन और स्टेटस में म्यूजिक शेयर करने की सुविधा दी थी। अगर आप भी स्टेटस लगाते हैं तो आपका एक्सपीरियंस पूरी तरह से बदलने वाला है। वॉट्सऐप ने स्टेटस




कस्टमाइजेशन के लिए 4 नए फीचर्स पेश किए हैं। दिग्गज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वॉट्सऐप ने अपने ब्लॉग पोस्ट में यूजर्स को जानकारी दी कि वह स्टेटस सेक्शन के लिए चार नए फीचर्स जोड़ रहा है। इन नए फीचर्स की मदद से आप अपने आप को पहले से कहीं बेहतर ठंग से व्यक्त करने की सुविधा देते हैं। वॉट्सएप में मिलने वाले नए फीचर्स आपको एक नया एक्सपीरियंस देने वाले हैं। वॉट्सऐप के ब्लॉग पोस्ट के मुताबिक ये फीचर्स अपकमिंग अपडेट्स में जोड़ दिए जाएंगे।

# मुसेट्टी को हराकर अल्काराज फ्रेंच ओपन के फाइनल में



पेरिस, एजेंसी

स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को सेमीफाइनल मुकाबले में इटली के चोटिल लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर अपना फ्रेंच ओपन पुरुष एकल के फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल मुकाबले में अल्काराज ने पहला सेट गंवा दिया था, लेकिन इसके बाद वह 4-6, 7-6 (3), 6-0, 2-0 से आगे चल रहे थे। इसी दौरान इटली के मुसेट्टी ने जांघ की चोट के कारण खेल छोड़ दिया।

**सबालेंका फाइनल में गॉफ से भिड़ेंगी :** वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका फ्रेंच ओपन के फाइनल में आज वर्ल्ड नंबर-2 अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ से भिड़ेंगी। महिला एकल के सेमीफाइनल मुकाबले में सबालेंका ने चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक को 7-6 (1), 4-6, 6-0 हराया। सबालेंका पहली बार इस ग्रैंड स्लैम के खिताबी मुकाबले में पहुंची हैं। वहीं, उनका कुल छठा ग्रैंड स्लैम फाइनल है। फाइनल में सबालेंका का सामना वर्ल्ड नंबर-2 अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ से होगा। ये दोनों खिलाड़ी पहली बार किसी महिला ग्रैंड स्लैम फाइनल में एक-दूसरे से भिड़ेंगी।

**सैलिसबरी और स्कूप्स्की की जोड़ी युगल के फाइनल में :** ब्रिटिश जोड़ी जो सैलिसबरी और नील स्कूप्स्की की जोड़ी ने शुक्रवार को एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अमेरिका के क्रिश्चियन हैरिसन और इवान किंग को हराकर फ्रेंच ओपन पुरुष युगल के फाइनल में जगह बना ली। मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त ब्रिटेन की जोड़ी ने अमेरिकी जोड़ी को 6-7 (5-7) 6-3 7-6 (10-7) से हराया। यह पहली बार है जब सैलिसबरी - स्कूप्स्की की जोड़ी पेरिस में पुरुष युगल में फाइनल में पहुंची हो।

### गॉफ ने बॉइसन को हराया

कोको गॉफ ने फ्रेंच वाइल्ड कार्ड लोइस बॉइसन को 6-1, 6-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। गॉफ भी पहली बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंची हैं। 21 साल की अमेरिकी खिलाड़ी अमेरिकी ओपन (2023) के बाद से दूसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलेंगी।



## ईलाक्षी को खिताबी सफलता



**इंदौर।** ईलाक्षी देशमुख ने इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय जिला रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता के अंडर 11 बालिका वर्ग में खिताबी सफलता हासिल की। स्पर्धा के मुकाबले अभय प्रशाल में आयोजित किए जा रहे हैं। स्पर्धा के अंडर 11 बालिका वर्ग में ईलाक्षी देशमुख ने दिशा रघुवंशी को 3-0 से हराकर खिताबी सफलता अर्जित की। सेमीफाइनल में ईलाक्षी देशमुख ने अनाया सेथिया को 3-1 से तथा दिशा रघुवंशी ने भव्यांशी सोनी को 3-0 से हराया। इससे पहले खेले गए क्वार्टर फाइनल में भव्यांशी सोनी ने अनाहद कौर खालसा को 3-0 से, अनाया सेथिया ने आद्या परासर को 3-0 से, ईलाक्षी देशमुख ने निर्वी दोशी को 3-0 से हराया। अंडर-13 वर्ग में आर्वी जैन ने अनाया सेथिया को 3-0 से, दिव्यांशी चतुर्वेदी ने नाईसा बंकड़ा को 3-0 से, नेहल नाहर ने माहुरी शेलगांवकर को 3-0 से, सिदिक्षा जैन ने आकांक्षा ठाकुर को 3-0 से हराया। स्पर्धा का शुभारंभ बीएसएनएल के प्रधान महाप्रबंधक पंकज उपाध्याय और म.प्र. ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी के आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के जयेश आचार्य, प्रमोद सोनी, रिंकू आचार्य, जिला सचिव नीलेश वेद, प्रशांत व्यास, नवीन सोनी मौजूद थे।

## चिराग-सात्विक की हार के साथ भारत का इंडोनेशिया ओपन में अभियान समाप्त

जकार्ता, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को शुक्रवार को पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलेशिया की टी काई वुन-मैन वेई चोंग की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ टूनामेंट में भारत का अभियान खत्म हो गया।

43 मिनट तक चले मुकाबले में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विक और चिराग की जोड़ी मलेशिया की टी काई वुन- मैन वेई चोंग को की जोड़ी से 19-21, 16-21 से हार गई। इस जीत के साथ मलेशियाई जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंच गई है। पहले गेम में सात्विक और चिराग ने काई वुन टी/मैन वेई चोंग को कड़ी टक्कर देते हुए कई बार स्कोर बराबर किया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अच्छी शुरूआत की और पहले गेम में 6-4 से बढ़त हासिल की। हालांकि टूनामेंट में सातवीं वरीयता प्राप्त मलेशियाई खिलाड़ी ने 10-7 की बढ़त बना ली और इसे बरकरार रखा।

वहीं भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए गेम को अपने हक में करने की पूरी कोशिश की और स्कोर को 19-19 से बराबर कर दिया, लेकिन आखिर में टी काई वुन /मैन वेई चोंग को ने अपनी पकड़ को मजबूत रखते हुए पहला गेम 19-21 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी काई वुन टी/मैन वेई चोंग ने अपनी जीत की लय बनाए रखी और शुरूआती बढ़त बना ली। वहीं सात्विक और चिराग ने दूसरा गेम जीतकर मैच को तीसरे गेम तक ले जाने का प्रयास किया लेकिन मलेशियाई खिलाड़ियों ने लगातार चार अंक बनाकर मुकाबला जीत लिया।



## पीयूष चावला ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

मुंबई, एजेंसी


भारत के दो बार के विश्व कप विजेता लेग स्पिनर पीयूष चावला ने शुक्रवार को पेशेवर क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है। 36 वर्षीय चावला ने इंस्टाग्राम पोस्ट कर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने लिखा, मैदान पर दो दशक से अधिक समय बिताने के बाद इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहने का समय आ गया है।

चावला 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीत में भारतीय टीम का हिस्सा थे। चावला ने पेशेवर क्रिकेट में सभी प्रारूपों में 1000 से अधिक विकेट हासिल किए। 2012 में अपने अंतिम प्रदर्शन तक पांच वर्षों में भारत के लिए 3 टेस्ट, 25 वनडे और 7 टी20 मैच खेले जिसमें उन्होंने 43 विकेट लिए।

चावला ने कहा, भारत का सर्वोच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व करने से लेकर 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा बनने तक, इस अविश्वसनीय यात्रा में हर पल किसी वरदान से कम नहीं रहा है। ये यादें हमेशा मेरे दिल में रहेंगी। आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस को दिल से धन्यवाद जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया। इंडियन प्रीमियर लीग मेरे करियर का एक खास अध्याय रहा है और मैंने इसमें खेलते हुए हर पल को संजोया है। मैं अपने कोच के.के. गौतम और स्वर्गीय पंकज सारस्वत का दिल से आभारी हूं, जिन्होंने मुझे एक क्रिकेटर के रूप में तैयार किया।



## गुकेश ने चीन के वेई यी को हराया, कार्लसन के साथ खिताब के दावेदार बने



स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी

मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूनामेंट के नौवें दौर में चीन के वेई यी को हराकर तीन अंक हासिल किए और नॉर्वे के स्टार मैग्नस कार्लसन के साथ खिताब के लिए शीर्ष दावेदार बन गए। अब जब कि केवल एक दौर की बाजी खेली जानी बाकी है तब गुकेश 14.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन छह खिलाड़ियों के डबल राउंड-रॉबिन टूनामेंट में उनसे केवल आधा अंक आगे हैं।

कार्लसन ने हारने की स्थिति से वापसी करते हुए अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया और पूरे अंक हासिल किए। अंतिम दौर में गुकेश का मुकाबला कारूआना से, जबकि कार्लसन का मुकाबला भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से होगा। दोनों ही खिताब और 69,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित करना चाहेंगे।

अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के 13 अंक हैं और उनके पास भी खिताब जीतने का मौका है। नाकामुरा ने एरिगैसी को आमार्गेडन टाई-ब्रेक में हराया। भारतीय खिलाड़ी के 11.5 अंक हैं। महिला वर्ग में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी काले मोहरों से खेलते हुए चीन की लेई टिंगजी से हार गईं। हम्पी अब 13.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने चीन की विश्व चैंपियन जू वेनजुन (12.5) को हराकर भारतीय खिलाड़ी पर दो अंकों की बढ़त ले ली है। प्रतियोगिता में भाग ले रही भारत की एक अन्य खिलाड़ी आर वैशाली (9.5) स्पेन की सारा खादेम (09) से हार गईं।

## टीम मीटिंग इस बात पर केंद्रित होती थी कि पुजारा को कैसे आउट किया जाए : रोहित

मुंबई, एजेंसी

चेतेश्वर पुजारा को कैसे आउट किया जाए? यह एक ऐसा सवाल था जिस पर रोहित शर्मा और उनके मुंबई के साथी जूनियर क्रिकेट के दिनों में अक्सर चर्चा करते थे क्योंकि उन्हें पता था कि सौराष्ट्र का यह बल्लेबाज दो या तीन दिन की लगातार बल्लेबाजी में उन्हें धूल चटा सकता है। रोहित ने याद दिलाया कि आयु-समूह मैचों में पुजारा का विकेट अक्सर उनकी टीम के लिए जीत या हार का अंतर होता था, यह उस साहसी बल्लेबाज की शुरूआती निशानी थी जिसने 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत से 19 शतक और 35 अर्धशतक के साथ 7,195 रन बनाए।



रोहित ने पुजारा की पत्नी पूजा की किताब द डायरी ऑफ ए क्रिकेटर वाइफ के लॉन्च के मौके पर कहा, मुझे अभी भी याद है, टीम मीटिंग सिर्फ इस बात पर केंद्रित होती थी कि उसे कैसे आउट किया जाए और अगर हम उसे आउट नहीं करते, तो शायद हम मैच हार जाते। पूर्व भारतीय कप्तान ने मजाक में कहा कि पुजारा के खिलाफ धूप में खेलने के बाद उनका लुक इतना बदल जाता था कि उनकी मां भी थोड़ी परेशान हो जाती थीं।उन्होंने कहा, मुझे बस इतना याद है कि जब मैं 14 साल का था और मैदान पर जाता था और शाम को वापस आता था, तो मेरे चेहरे का रंग बिल्कुल अलग होता था क्योंकि वह पूरे दिन बल्लेबाजी करता था और हम 2-3 दिन धूप में फील्डिंग करते थे। मुझे अभी भी याद है कि मेरी मां ने मुझसे कई बार पूछा था कि जब तुम घर से खेलने जाते हो, तो तुम अलग दिखते हो और जब तुम एक हफ्ते या 10 दिन बाद घर आते हो, तो तुम अलग दिखते हो। मैं कहता था, मां मैं क्या करूं? चेतेश्वर पुजारा नाम का एक बल्लेबाज है। वह तीन दिनों से बल्लेबाजी कर रहा है... इसलिए हमें उसके बारे में यही पहली धारणा बनी।

### बुमराह का उपयोग कठिन परिस्थितियों में करें : चोपड़ा

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने भारत के आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के सीमित उपयोग पर अपनी राय दी। भारत को 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली 5 टेस्ट मैचों की हाई-प्रोफाइल सीरीज खेलनी है। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने हाल ही में घोषणा की थी कि बुमराह को लगातार टेस्ट मैचों में नहीं खेलाया जाएगा, क्योंकि उनकी पीठ में स्ट्रेस रिएक्शन के कारण वर्कलोड मैनेजमेंट जरूरी है। यह समस्या जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के दौरान सामने आई थी। बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी से चूक गए थे और हाल ही में समाप्त हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए वापसी की थी। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बुधवार को कहा था कि बुमराह को किन टेस्ट मैचों में खेलाया जाएगा, इस पर अंतिम फैसला अभी नहीं हुआ है। आकाश चोपड़ा ने सुझाव दिया कि बुमराह का उपयोग कठिन परिस्थितियों में करना चाहिए।

### संपादकीय

## ग्रोथ पर दांव...




**भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए रेपो दरों में 0.5% की कटौती की है, जो विशेषज्ञों के अनुमान से अधिक है। साथ ही, कैश रिजर्व रेश्यो में 1% की कमी की गई है, जिससे बैंकों के पास कर्ज देने के लिए अधिक धन उपलब्ध होगा।**

भारतीय रिजर्व बैंक ने इकॉनमिक ग्रोथ बढ़ाने के लिए शुक्रवार को रेपो दरों में आधा फीसदी की कटौती की, जबकि एक्सपर्ट्स इसमें 0.25% कमी का अनुमान लगा रहे थे। इसके साथ, उसने कैश रिजर्व रेश्यो में 1% की कमी का ऐलान किया। इससे बैंकों के पास पैसा और बढ़ेगा, जिसका इस्तेमाल वे कर्ज बांटने में कर सकेंगे। ऐसे में सस्ती दरों पर कर्ज लेकर कंपनियां नए निवेश करती हैं और उपभोक्ता खर्च करते हैं तो अर्थव्यवस्था को इससे सपोर्ट मिलेगा।

**वैश्विक चुनौतियां:** रिजर्व बैंक ने लगातार तीसरी बार दरों में कटौती की है। इससे पहले उसने कहा था कि उसका ध्यान इकॉनमिक ग्रोथ को तेज करने पर है। आरबीआई के लिए रेपो दरों और कैश रिजर्व रेश्यो में कटौती करना इसलिए संभव हुआ क्योंकि उसे मौजूदा वित्त वर्ष में महंगाई दर के लक्ष्य से अंदर रहने की उम्मीद है। लेकिन यूक्रेन-रूस युद्ध और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ संबंधी अनिश्चितताओं के कारण ग्रोथ की राह चुनौतीपूर्ण हो गई है।

**ग्रोथ पर दबाव:** जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ उम्मीद से अधिक 7.4% पहुंच गई, लेकिन वित्त वर्ष 2025 के लिए यह 6.5% ही रही। यह पिछले चार वित्त वर्षों में सबसे कम विकास दर है। गौर करने की बात यह भी है कि इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2024 में यह 9.2% रही थी। स्पष्ट है कि विकास दर में गिरावट का रुख है। इस बीच, वैश्विक स्तर पर परिदृश्य मुश्किल दिख रहा है।

**खर्च बढ़ने की आशा:** इसी वजह से जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में शानदार ग्रोथ के बावजूद रिजर्व बैंक ने कैश रिजर्व रेश्यो में बड़ी कटौती के साथ रेपो दरों में भी बड़ी कमी की है। इससे बिजनेस सेंटिमेंट और कंस्यूमर सेंटिमेंट में सुधार होगा। पिछले बजट में 12 लाख तक की आमदनी पर टैक्स छूट का ऐलान किया गया था ताकि लोगों के हाथ में अतिरिक्त खर्च करने के लिए पैसा बचे। अब ब्याज दरों में बड़ी कटौती के बाद कंस्यूमर सेंटिमेंट और बेहतर होगा। ईएमआई का बोझ घटेगा। ऐसे में उपभोक्ता खर्च में बढ़ोतरी होती है तो इससे आर्थिक विकास दर में तेजी आएगी।

**मजबूत इकॉनमी:** रिजर्व बैंक ने अपना रुख न्यूट्रल करते हुए यह भी कहा कि केंद्रीय बैंक ग्रोथ के लिए जो कर सकता है, वह कर चुका है। यानी अब बाकी कदम पॉलिसी मेकर्स को उठाना है। सरकार ने रिजर्व बैंक के कदम का स्वागत करते हुए कहा भी कि इससे ग्रोथ मोमेंटम को सपोर्ट मिलेगा और निजी क्षेत्र की तरफ से निवेश बढ़ने की उम्मीद है। निजी क्षेत्र का कमजोर निवेश भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अरसे से समस्या बना हुआ है। लेकिन हालिया ग्रोथ यह भी बताती है कि बेहद मुश्किल वैश्विक माहौल में भारतीय इकॉनमी मजबूत बनी हुई है।

## गर्व मालपानी और गार्गी ओक ने जीते दोहरे खिताब

गुड इवनिंग, इंदौर

मध्य प्रदेश टेनिस संघ के तत्वाधान में इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित विद्यादेवी कक्कड़ मेमोरियल ऑल इंडिया चैम्पियनशिप सीरीज जूनियर टेनिस प्रतियोगिता में म.प्र. के गर्व मालपानी ने बालक वर्ग में तथा महाराष्ट्र की गार्गी ओक ने बालिका वर्ग में एकल और युगल खिताब जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। बालक 12 वर्ष आयु वर्ग के एकल फाइनल में गर्व मालपानी (म.प्र.) ने रेयांश गुंड (महाराष्ट्र) को 6-1, 6-4 से तथा बालिका वर्ग में गार्गी ओक (महाराष्ट्र) ने टियाना ठक्कर (महाराष्ट्र) को 6-2, 6-1 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

बालक युगल फाइनल में गर्व मालपानी- ऋगवेद मालसे (म.प्र.) ने आदित्य उपाध्याय- रेयांष गुंड (महाराष्ट्र) को 6-2, 6-2 से हराया। बालिका वर्ग के युगल फाइनल में गार्गी ओक- टियाना ठक्कर (महाराष्ट्र) ने आन्या राठी- दीविना धूपर (म.प्र.) को 7-5, 6-1 से पराजित किया। स्पर्धा का समापन आर. पी. अहिरवार, सी.ई.ओ. आई.डी.ए एवं प्रवीन कक्कड़, अध्यक्ष, पी.के. फाउंडेशन के आतिथ्य में हुआ। समापन समारोह में अनिल धूपर, महासचिव, ऑल इंडिया टेनिस संघ, अनिल महाजन, अध्यक्ष, मप्र टेनिस संघ एवं अर्जुन धूपर मौजूद थे।




### अशांक एकल और युगल के फाइनल में

**इंदौर।** अशांक मिश्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सरताज अकादमी द्वारा आयोजित 61वीं टाइगर लीग बैडमिंटन स्पर्धा में बालक वर्ग के एकल और युगल वर्ग के फाइनल में प्रवेश जगह बना ली है। एकल फाइनल अशांक मिश्रा और सारांश तिरोले के बीच होगा। नायशा पुरोहित बालिका वर्ग के खिताबी मुकाबले में ऋत्वी दवे से खेलेंगी। बालक युगल का फाइनल अशांक मिश्रा और अर्णव शाह एवं शिवांश सुनेरे और शिवांश शर्मा के बीच है।

नारायण बाग बाल विकास केंद्र बैडमिंटन हॉल में 31वें सरताज ग्रीष्मकालीन जूनियर बैडमिंटन शिविर के तहत हो रही इस स्पर्धा में अशांक मिश्रा अपने सभी लीग मैच जीतकर अपराजित हैं। अशांक मिश्रा ने शिवांश शर्मा को 15-7, 15-6 से और अथर्व चौधरी को 15-3, 15-1 से हराया। सारांश तिरोले ने अदवित शाह को 15-7, 15-3 से और शिवांश शर्मा को 19-9, 15-13 से पराजित किया। नायशा पुरोहित ने आदित्य तिलवनकर को 15-11, 15-9 से और शिवांश शर्मा को 16-14, 15-9 से पराजित किया। अर्णव शाह ने शिवांश सुनेरे को 15-7, 15-10 से और शिवांश शर्मा को 18-16, 11-15, 15-13 से हराया। अदवित शाह ने ऋत्वी दवे को 15-10, 15-7 से और सारांश तिरोले ने नायशा पुरोहित को 11-15, 15-13, 21-20 से पराजित किया। बालक युगल के लीग मैच में अशांक मिश्रा और अर्णव शाह ने शिवांश शर्मा और शिवांश सुनेरे को 15-9, 14-16, 15-9 से एवं सारांश तिरोले और आदित्य तिलवनकर को 16-14, 15-12 से पराजित किया।

मैपिंग सर्वे का कार्य शुरू







फोटो : गुड इवनिंग

इंदौर। सृजन-नई दिशा, नया गगन कार्यक्रम के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुनः शुरू किया गया वृहद मैपिंग व सर्वे का कार्य।

महू की नेशनल लेवल शूटर ने दर्ज कराया आठवां प्रकरण

# लव जिहाद का शिकारी निकला मोहसिन खान

**गुड इवनिंग, इंदौर**

*ड्रीम ओलंपिक शूटिंग एकेडमी का नाम एक बार फिर विवादों में है। फर्जी कोच मोहसिन खान के खिलाफ आठवां मामला दर्ज किया गया है। इस बार आरोप लगाने वाली युवती कोई साधारण लड़की नहीं, बल्कि एक नेशनल लेवल शूटर है, जो थाना महू में मोहसिन के खिलाफ छेड़छाड़, धमकी और जातिगत अपमान का मामला दर्ज कराने पहुंची। मोहसिन पर यह ताजा प्रकरण थाना महू में में दर्ज हुआ है। आरोपी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 354 तथा अनुसूचित जाति, जनजाति अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा कायम किया गया है।*

शिकायतकर्ता की आपबीतीः कोच ने घर बुलाकर हाथ पकड़ा, गलत तरीके से छुआ, और जातिसूचक गाली दी। पीड़िता जो महू की एक कॉलोनी में रहती है और एक प्रतिष्ठित शूटर है। आवेदन में पीड़िता ने लिखा मार्च 2022 में मैं मोहसिन खान की ड्रीम ओलंपिक एकेडमी, अन्नपूर्णा रोड, इंदौर में रायफल शूटिंग सीखने जाती थी। वहां मोहसिन मुझे बार-बार काफी पीने के लिए कहता था, जो मैंने ठुकरा दिया। एक दिन मेरे बैग में 1000 रुपए रखे मिले। पूछने पर उसने कहा कि वह दो नंबर का धंधा करता है और पैसों की कमी हो तो बता देना। मुझे उसकी बात आपत्तिजनक लगी और मैंने एकेडमी जाना बंद कर दिया। अगले दिन उसने फोन कर अपने घर (धारनाका, महू) बुलाया। वहां पहुंचने पर उसने मेरा हाथ पकड़ा, गलत तरीके से शरीर को छूने लगा और बोला, तू साली नीच जात की लड़की है, अगर बात नहीं मानी तो जान से खत्म कर दूंगा। मैं डरकर भाग आई। मैं उसकी धमकी से डरी रही, लेकिन जब पता चला कि उसने और भी कई लड़कियों के साथ अश्लील हरकतें की हैं, तब मैंने हिम्मत करके रिपोर्ट दर्ज करवाई।

**पुलिस ने लिया संज्ञान, विवेचना शुरू**–थाना महू के उपनिरीक्षक ने बताया कि आवेदिका का आवेदन प्राप्त होने पर प्रथम दृष्टया अपराध की पुष्टि हुई। उसी आधार पर मामला दर्ज किया गया और जांच प्रारंभ हो गई है। पीड़िता की शिकायत गंभीर है। आरोपी मोहसिन खान के खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं। यह मामला भी उसी कड़ी का हिस्सा लगता है।

लव जिहाद का नया ठिकानाः खेल एकेडमियां जानकारों के मुताबिक, खेल अकादमियों, शूटिंग सेंटरों और फिटनेस क्लबों का इस प्रकार दुरुपयोग समाज में गंभीर चिंता का विषय बन गया है। कई युवा कोच या ट्रेनर के रूप में अपनी झूठी पहचान बनाकर हिंदू लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाने, उनका यौन शोषण करने और धर्मांतरण के लिए बाध्य करने के प्रयास कर रहे हैं।

## मोहसिन खान पर अब तक दर्ज प्रकरणों की संख्या हुई 8

इंदौर के चर्चित ड्रीम ओलंपिक शूटिंग एकेडमी का कोच बताकर लड़कियों को फंसाने वाले मोहसिन खान पर लगातार गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। इन आरोपों में गैंगरेप, धोखाधड़ी, धर्मांतरण का दबाव, वशीकरण, तंत्र-मंत्र, ड्रग्स देकर शोषण, अश्लील वीडियो बनाना, जातिगत गालियाँ, और अब ताजा मामला झ्र एक नेशनल शूटर के साथ छेड़छाड़ और धमकी शामिल हैं। बजरंग दल आक्रोशितः जैसे ही यह खबर फैली, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने इंदौर में विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। अनिल पाटिल, मंत्री विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल,



रामेश्वरम, इंदौर विभाग ने कड़े शब्दों में कहा लव जिहाद अब खेल अकादमियों, जिम्स और मॉल्स तक पहुंच चुका है। इंदौर जैसे शहर में पिछले कुछ महीनों में 100 से अधिक लव जिहाद के प्रकरण दर्ज हो चुके हैं। यह सिर्फ किसी एक बेटी का मामला नहीं, यह पूरे हिंदू समाज की अस्मिता पर हमला है। अब अगर हम नहीं जागे तो हमारे घरों की बेटियां भी खतरे में होंगी। 35 टुकड़ों में कटी बेटियां, 35 बार चाकू से गोदी गई बच्चियां यह कोई दूर की आशंका नहीं, एक भयानक सच्चाई बन सकती है। समय आ गया है कि हिंदू समाज एकजुट होकर मोहसिन जैसे जिहादियों का सामाजिक बहिष्कार करे और प्रशासन से कड़ी कार्यवाही की मांग करें।

# 18 शराब दुकानों पर कार्रवाई कर दर्ज किए 19 प्रकरण

## आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

**गुड इवनिंग, इंदौर**

जिले में शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के खिलाफ तो आबकारी विभाग के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। वहीं अब जिले में मदिरा विक्रय नियमों का भी कड़ाई से पालन करवाया जा रहा है। यहीं कारण है कि आबकारी विभाग ने 18 शराब दुकानों पर कार्रवाई कर 19 प्रकरण दर्ज किए हैं।

सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि एमआरपी व एमएसपी का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं को किसी प्रकार की राहत नहीं दी जाएगी। यह संदेश सभी लाइसेंसधारकों और फील्ड स्टाफ के लिए है कि उपभोक्ता हित सर्वोपरि हैं। उन्होंने बताया कि जिले में मदिरा विक्रय व्यवस्था में पारदर्शिता तय करने और उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा के लिए जिला आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान जांच में पाया गया कि 18 शराब दुकानों पर एमआरपी से अधिक या एमएसपी से कम दर पर मदिरा विक्रय किए जाने के प्रमाण पाए गए, जिस पर 19 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इस संबंध में सभी संबंधित लाइसेंस धारकों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं और इस कार्रवाई में लगभग 51 लाख रुपए का जुमार्ना संभावित है। बताया गया कि इस कार्रवाई से उपभोक्ताओं को मदिरा उत्पाद तय दरों पर ही उपलब्ध करवाई जाएगी, इससे आर्थिक शोषण पर रोक लगेगी और पारदर्शिता तय होगी। आबकारी विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिससे शराब विक्रय प्रणाली में पारदर्शिता बनी रहे और उपभोक्ताओं के साथ कोई भी धोखाधड़ी ना हो। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर जानकारी आबकारी विभाग को तत्काल सूचना दें।

**इन मदिरा दुकानों पर हुई कार्रवाई–** आबकारी विभाग ने पलासिया क्रमांक-2 , लसूडिया गोदाम क्रमांक-2, बंगाली चौराहा क्रमांक-1, गिरोता, मच्छी बाजार, संयोगितागंज, बोरसी, तोड़ी, काछी मोहल्ला, जीपीओ चौराहा, शिवनी, परदेशीपुरा क्रमांक-2, हातोद क्रमांक-1, रेती मंडी चौराहा, साजन नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, जिंसी चौराहा और छावनी मदिरा दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की है।

## स्कूली बस के संचालन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी



**इंदौर।** प्रशासनिक बैठक में स्कूली बसों के संचालन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए। दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने पर होगी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपयोगी तथा अनुपयोगी स्कूली बसों की जानकारी देना अनिवार्य होगा। साथ ही स्कूली बसों का फिटनेस, बीमा, परमिट होना अनिवार्य होगा।



## तस्करी करने वाला आरोपी धराया

इंदौर। आजाद नगर थाना पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 12 बोर के 3 देशी कट्टे और 315 बोर का 1 देशी कट्टा सहित कुल 4 अवैध हथियार तथा 2 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह चंबल क्षेत्र से सस्ते दामों पर हथियार खरीदकर इंदौर में ऊंचे दामों पर बेचता था। पुलिस अब आरोपी से हथियार सप्लाई नेटवर्क और खरीदारों की जानकारी जुटा रही है। इस कार्रवाई को पुलिस ने बड़ी सफलता बताया है।

# मार्क क्लब में डीजे मफाइजा के शो पर बवाल

## शिव तांडव पर डांस से भड़के कार्यकर्ता, तोड़फोड़ और हंगामे से दहला क्लब

**गुड इवनिंग, इंदौर**

लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित स्काय कॉर्पोरेट बिल्डिंग में बने मार्क क्लब में शुक्रवार रात जमकर बवाल हुआ। क्लब में आयोजित डीजे शो में डीजे मफाइजा की प्रस्तुति के दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में वहां पहुंचे और शो को बंद करवा दिया। कथित रूप से धार्मिक भावनाएं आहत होने का हवाला देते हुए कार्यकतोओं ने क्लब में घुसकर हंगामा किया, गाली-गलौज की और जमकर तोड़फोड़ मचाई। शराब की बोतलें, ग्लास, कुर्सियां और टेबल फेंकी गईं। यह हंगामा करीब 40 मिनट तक चला, जिसके बाद मौके पर पुलिस ने पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया।

घटना के अनुसार, क्लब में चल रहे डीजे शो में डीजे मफाइजा ने अपनी प्रस्तुति के दौरान शिव तांडव स्तोत्र और सीताराम मंत्र को रिमिक्स बीट्स के साथ बजाया। इस वीडियो के सामने आते ही बजरंग दल के स्थानीय कार्यकर्ता सक्रिय हुए और क्लब पहुंचकर शो बंद करवाने का प्रयास किया। बजरंग दल का कहना है कि पहले भी क्लब प्रबंधन को ऐसे कार्यक्रमों के खिलाफ मौखिक रूप से चेतावनी दी गई थी। बावजूद इसके कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि हिंदू धार्मिक प्रतीकों और मंत्रों का डिस्को और डीजे बीट्स पर इस्तेमाल कर उनके पवित्र स्वरूप का अपमान किया गया है।

**क्लब में घुसते ही भड़का विवाद, बहस से शुरू हुई तोड़फोड़**–जैसे ही बजरंग दल कार्यकर्ता क्लब में दाखिल हुए, वहां की स्टाफ से उनकी तीखी बहस शुरू हो गई। कुछ युवकों ने कार्यकर्ताओं का विरोध किया, और किसी ने कार्यकर्ताओं पर कांच की बोतल फेंक दी जिस पर झड़प शुरू हो गई। देखते ही देखते मामला हाथापाई और फिर तोड़फोड़ में बदल गया। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने क्लब में कांच के ग्लास, कुर्सियां और साउंड सिस्टम को नुकसान पहुंचाया। क्लब के अंदर अफरा-तफरी मच गई और कई युवक-युवतियां डर के मारे बाहर भागने लगे। क्लब के बाहर निकलते समय एक युवक ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं को गालियां दीं। इस पर कार्यकर्ता और भड़क गए ।

# सरफेसी एक्ट को हथियार बनाकर लोगों को निकाला जा रहा उनके घर से बाहर

**गुड इवनिंग, इंदौर**

सरफेसी अधिनियम आमजन और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। यह कानून बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को ऋण न चुका पाने की स्थिति में ऋणी की संपत्ति को बगैर कोर्ट की अनुमति के जब्त कर बेचने की अनुमति देता है। अब फाइनेंसर इस अधिनियम का दुरुपयोग कर आमजन का आशियाना छीन रहे हैं। दो या तीन किस्तें बाकी होने पर भी करोड़ों के मकान पर कब्जा कर बेच दिया जाता है। ऋणी को ओवरड्यू राशि जमा करने का अवसर भी नहीं देते हैं। इंदौर में ऐसे सैकड़ों लोग शिकायतें लेकर जिला प्रशासन के पास पहुंच रहे हैं। प्रशासन के हस्तक्षेप से कुछ मामलो में बकाया जमा कर दिया जाता है, लेकिन अधिकांश लोगों को यह सुविधा नहीं मिल पाती है। किस्तें बाकी होते ही फाइनेंसर ऑनलाइन भुगतान रोक देते हैं और सरफेसी अधिनियम के तहत मकान को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं। वहीं पीड़ित राहत पाने के लिए परेशान होते रहते हैं, मगर फाइनेंसर किसी तरह की राहत देने की तैयार नहीं होते हैं। ओवरड्यू राशि भी ऋणी से नहीं ली जाती है। ऋणी को बकाया राशि जमा करने का अवसर नहीं देकर सभी समाधान के रास्ते भी बंद कर दिए जाते हैं। जूनी इंदौर तहसीलदार प्रीति भिसे का कहना है कि सरफेसी एक्ट में हुए आदेश के अनुसार कुर्की की प्रक्रिया नियमानुसार की जाती है।

## बकाया राशि नहीं की जाती है जमा

छोटी खजरानी निवासी शिवम गांगले का कहना है निजी फाइनेंस कंपनी से करीब साढ़े आठ लाख का लोन लिया था। व्यापार में परेशानी आने पर बीते साल कुछ किस्तें जमा नहीं कर पाए। मई में नोटिस मिलने के बाद से बकाया किस्तें भरने की कोशिश की जा रही है, लेकिन फाइनेंसर किस्तें जमा नहीं कर रहे। ऑनलाइन जमा सुविधा भी बंद कर दी है। बकाया 85 हजार रुपये एकमुश्त जमा करना चाहता हूं, लेकिन फाइनेंसर राशि जमा करने की अपेक्षा मकान पर कब्जा करना चाहते हैं। शिवम का कहना है कि बीते छह माह की सभी किस्तें नकद में भरी जा रही है, लेकिन बकाया राशि जमा नहीं की जा रही है।

### नहीं दिया जा रहा समय

सांई श्रद्धा पैलेस कालोनी में भूखंड खरीदने वाले विनोद राठौर भी कुर्की की प्रक्रिया से परेशान हैं। उन्होंने भी निजी फाइनेंस कंपनी से लोन लिया था। किसी कारण कुछ किस्तें नहीं चुका पाए, तो कुर्की की प्रक्रिया शुरू हो गई। अब बकाया राशि जमा करना चाहते हैं, लेकिन फाइनेंसर कंपनी द्वारा राशि जमा नहीं की जा रही है।

## सुनवाई के बाद कुर्की के आदेश होते हैं

बैंक द्वारा सरफेसी एक्ट की धारा 13/2 के तहत ऋणी को नोटिस जारी किए जाते हैं। नोटिस के 60 दिन बाद अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण लगाते हैं। यहां से सुनवाई के बाद कुर्की के आदेश होते हैं। यदि आदेश के बाद भी कोई ऋणी समय चाहता है या राशि जमा कराना चाहता है तो कलेक्टर के यहां आवेदन कर सकता है।

**- निशा डामोर**, अपर कलेक्टर

## कलेक्टर से की जा सकती है शिकायत

प्राइवेट फाइनेंसर द्वारा सर्वाधिक कब्जे के प्रकरण लगाए जाते हैं और इनके लोग ही मकानों को नीलामी में औने-पौने दाम पर खरीद लेते हैं। ऋणी यदि बकाया राशि जमा करना चाहता है, लेकिन बैंक या फाइनेंसर राशि नहीं ले रहे हैं तो कलेक्टर के यहां शिकायत की जा सकती है। एक पत्र बनाकर पत्र याचिका के रूप में उच्च न्यायालय को भी भेज सकते हैं। उच्च न्यायालय द्वारा पहले कई अच्छे निर्णय दिए गए हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव धाम** द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग लून, 22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सफायर ट्विन्स, 102 फर्स्ट फ्लोर, पीयू 3, विजयनगर, एबी रोड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित। फोनः 0731-4000244
आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2017/72473 डाक पंजीयन क्रमांक- MP/IDC/1550/2020-2022, **प्रधान संपादक : राजीव धाम, एग्जीक्यूटिव संपादक गिर्राज सिकरवार**, स्थानीय संपादक : **कमलेश गुरु** *, (*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।